

बिलासपुर, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार-पत्र

हमारा उद्देश्य सेवा समर्पण जनकल्याण

एक सत बुलेटिन



E-mail: eksatbulletin@gmail.com | बिलासपुर,शनिवार 10 अगस्त 2026 | वर्ष-07, अंक-310 पृष्ठ-08, मूल्य- दो रुपए | Website: www.eksatbulletin.in


न्यूज इन शॉर्ट

केरलम कैबिनेट की मंजूरी-बुजुर्गों की देखभाल का नया विधेयक, 12 अक्टूबर से विधानसभा में होगा पेश



नई दिल्ली। केरल मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा के लिए एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री वी ।डी। सतीशन के अनुसार, ये विधेयक बुजुर्गों को कानूनी गारंटी प्रदान करेगा ।केरलम में राज्य मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों (बुजुर्गों) की देखभाल और सुरक्षा के लिए एक नए विधेयक मंजूरी दे दी है। केरलम के मुख्यमंत्री वी ।डी। सतीशन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा की कानूनी गारंटी देने के उद्देश्य वाले विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान इसे पारित कराना है।

मोहन भागवत आज से 2 दिन के ओडिशा दौरे पर रहेंगे



नई दिल्ली। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शनिवार से 2 दिन के ओडिशा दौरे पर रहेंगे। वे आज शाम 4 बजे संबलपुर पहुंचेंगे। शाम 6 से 8 बजे तक जीएम यूनिवर्सिटी में स्वयंसेवकों के सम्मेलन में शामिल होंगे। रविवार को वे राज्य के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में संघ की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। ऋस्स के प्रचार प्रमुख सुमंत कुमार पांडा के मुताबिक, भागवत 11 अक्टूबर की शाम को दौरा पूरा करेंगे।

कनॉट प्लेस से लेकर आज कौन-कौन से मार्केट रहेंगे बंद



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। 25 हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। वहीं, नई दिल्ली इलाके में बीएनएसएस की धारा 163 लगा दी गई है ।कनॉट प्लेस से लेकरज आज कौन-कौन से मार्केट रहेंगे बंद; प्रदर्शन को लेकर दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतजामराजधानी में राजीव चौक-जनपथ समेत 57 मेट्रो स्टेशन बंद किए गएकॉकरोच जनता पार्टी के जंतर-मंतर पर शनिवार को होने वाले प्रदर्शन को लेकर दिल्ली पुलिस से इजाजत नहीं मिली है। हालांकि प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और इसके तहत 25 हजार सुरक्षाकर्मियों को अलावा 57 मेट्रो स्टेशनों को शुक्रवार रात से बंद कर दिया गया ।

शख्स को लाठियों से पीट-पीटकर मारा डाला, एक आरोपी ने थाने में किया सरेंडर



नई दिल्ली। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में एक क्रूर घटना घटी। मोबाइल फोन का पासवर्ड देने से इनकार करने पर हमलावरों ने गुस्से में आकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। बाद में उसके फोन को भी आग के हवाले कर दिया। ये घटना चेवेल्ला पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में घटी है। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर सनसनी पैदा कर दी है। हत्या की ये घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। अभी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 11:30 बजे, चेवेल्ला बस स्टैंड पर कुछ हमलावरों ने 43 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल फोन छीन लिया।

खेत में कौन-सी फसल, डिजिटल रिकॉर्ड बनेगा; मौके पर जाकर होगा क्रॉस चेक

हर खेत की फसल का ब्योरा जुटाने पर जोर

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

खेत में वास्तव में कौन-सी फसल बोई गई है, उसका रकबा कितना है और सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज जानकारी सही है या नहीं, अब इसे क्रॉस चेक किया जाएगा। राज्य सरकार का फोकस सभी खेतों में बोई गई फसल का रिकॉर्ड तैयार करने और उसकी शत-प्रतिशत सर्वे पर है। इसके लिए खेतों में फसल की वास्तविक स्थिति का डिजिटल रिकॉर्ड बनाया जाएगा।



साथ ही, सर्वे में दर्ज जानकारी का मौके पर सत्यापन किया जाएगा। गड़बड़ियों का पता लगाने और आंकड़ों की विश्वसनीयता जांचने के लिए राज्य स्तर पर टीम गठित कर अलग-अलग जिलों में फील्ड वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य सचिव विकासशील ने शुक्रवार को मंत्रालय में डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में फसल बोई गई है, वहां की वास्तविक स्थिति का रिकॉर्ड तैयार किया जाए। संबंधित खसरों का सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि जमीन पर फसल लगी है या नहीं।बैठक में प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव रीना बाबा साहब कंगाले, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सचिव शम्मी आबिदी, संचालक उद्योग प्रभात मलिक, संचालक भू-अभिलेख विनीत नंदनवार, संचालक खाद्य फरिया आलम सिद्दीकी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नक्शों की गड़बड़ी दूर करने तलाशेंगे तकनीकी समाधान

बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान सामने आई प्रमुख बाधाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि सर्वे में नक्शे उपलब्ध नहीं होने और दूसरी तकनीकी समस्याओं के कारण काम लंबित न रहे, इसके लिए राजस्व विभाग को समाधान तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह जरूरत के अनुसार नक्शों को अपडेट करने की कार्ययोजना बनाने भी कहा गया।

कलेक्टरों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा करें

मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को कलेक्टरों के साथ बैठक कर डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति और जांच कार्यों की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के संबंधित अधिकारी गांवों और खेतों के रिकॉर्ड का सत्यापन करें। सर्वे की नियमित निगरानी के साथ विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए।

कागजी सर्वे से डिजिटल फसल रिकॉर्ड तक

1. राष्ट्रीय पहल का हिस्सा-डिजिटल क्रॉप सर्वे केंद्र सरकार के डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन से जुड़ा है। इसके तहत खेतों और उनमें बोई गई फसलों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की व्यवस्था विकसित की जा रही है।
2. तकनीक से सटीकता-पारंपरिक सर्वे में मानवीय गलतियों की आशंका रहती है। डिजिटल सर्वे में मोबाइल ऐप और खेत की सीमा की डिजिटल मैपिंग के जरिए फसल संबंधी जानकारी दर्ज की जाती है।3. किसान पंजीयन में मदद-फसल का सही रिकॉर्ड तैयार होने से किसान पंजीयन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी के सत्यापन में मदद मिल सकती है।4. खरीदी और मुआवजे में उपयोग-डिटिल फसल रिकॉर्ड का उपयोग धान खरीदी, फसल बीमा और प्राकृतिक आपदा से नुकसान के आकलन जैसी प्रक्रियाओं में किया जा सकता है। हालांकि, इन लाभों के लिए रिकॉर्ड की सटीकता और संबंधित योजनाओं के नियम महत्वपूर्ण होंगे।

एएनएस करवार की बढ़ेगी ताकत, प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नई सुविधाओं का उद्घाटन



एजेंसी ➤ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के कारवार बेस पर प्रोजेक्ट सीबर्ड फेज 2 के तहत नई आवासीय और बुनियादी सुविधाओं का उद्घाटन हुआ। यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा करते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगी।

भारतीय नौसेना के कारवार बेस को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (ष्ठष्ठस्) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने शनिवार (8 अक्टूबर 2026) को प्रोजेक्ट सीबर्ड के फेज-2 के तहत बनी नई आवासीय और बुनियादी सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रोजेक्ट सीबर्ड के महानिदेशक वाइस एडमिरल विवेक दहिया समेत नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।कारवार नेवल बेस के अमादल्ली और मंजिल क्रीक के पूर्वी हिस्से में बनाई गई इन सुविधाओं में वरिष्ठ नौसैनिकों के परिवारों के लिए 60 आवास, रक्षा विभाग के नागरिक कर्मचारियों के लिए 60 आवास और डिफेंस सिक्योरिटी कोर (ष्ठस्ष्ट) के 156 जवानों के रहने की व्यवस्था शामिल है इसके अलावा बच्चों के लिए एक किंडरगार्टन स्कूल भी बनाया गया है।प्रोजेक्ट सीबर्ड का फेज-2 कारवार में नौसेना की परिचालन क्षमता बढ़ाने की योजना का हिस्सा है। इसके तहत नौसैनिक अड्डे पर युद्धपोतों और पनडुब्बियों की तैनाती के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। योजना में आधुनिक नौसैनिक डॉकयार्ड, नौसैनिक एयर स्टेशन और जहाजों व विमानों के लिए लॉजिस्टिक्स सुविधाएं विकसित करना भी शामिल है।

स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

कारवार नौसैनिक अड्डे पर परिवारों सहित करीब 10 हजार सैन्य और नागरिक कर्मियों के रहने की व्यवस्था विकसित की जा रही है। इससे उत्तर कन्नड़ क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।


57 मेट्रो स्टेशन बंद, 75 ट्रेनें रद्द,

रास्तों पर बैरिकेडिंग... CJP प्रोटेस्ट के बीच दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक!

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

सीजेपीके प्रदर्शन को देखते हुए जंतर-मंतर और आसपास के इलाकों में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर आज प्रदर्शन का ऐलान किया है। पार्टी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और स्ढ्ढक्रोकने की मांग कर रही है।हालांकि, दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन की परमिश नहीं दी है। CJP ने 7 अक्टूबर को प्रदर्शन की सूचना दी थी, जबकि नियमों के मुताबिक



10 दिन पहले आवेदन करना जरूरी है।प्रदर्शन को देखते हुए जंतर-मंतर, कनॉट प्लेस और जनपथ रोड समेत आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। करीब 38 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं, जिसमें भी ऋस्स जवान भी शामिल हैं।नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन आने वाली 250 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें आज कैंसिल रहेंगी। 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए हैं जबकि 10 डिटेंशन सेंटर बनाए गए हैं। वहीं, इंडिया गेट के आसपास 4द्मद्व के दायरे में शुक्रवार रात 10 बजे से आज रात 10 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा।

ईसी ने तय की फॉर्म-7 दाखिल करने की सीमा

अब एक मतदाता अधिकतम दे सकेगा 10 आपत्तियां

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने कहा है कि फॉर्म-7 दाखिल करने की निर्धारित सीमा ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों पर लागू होगी। इससे पहले ऑनलाइन माध्यम से एक बार में



अधिकतम छह आवेदन दाखिल करने की व्यवस्था थी।

वोट चोरी का सबूत मांगा, सोमवार को सीजेआई को देंगे ज्ञापनज राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग और वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर विपक्षी दलों के 10 नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। INDIA गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राष्ट्रपति ने उनकी बात सुनी और मामले में उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है। वहीं, कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेताचुनाव आयुक्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट को ज्ञापन सौपेंगे।

उत्तराखंड के कोटद्वार में गाड़ियां बहीं, हरिद्वार में ओले गिरे

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में शुक्रवार को रुक-रुककर बारिश हुई। छह जिलों में बड़े-बड़े ओले भी गिरे। पौड़ी गढ़वाल जिले के कोटद्वार में तेज बारिश के कारण सड़कों पर खड़ी स्कूटी और बाइक समेत कई गाड़ियां पानी के तेज



बहाव में बह गईं। हरिद्वार में ओले गिरने से कई गाड़ियों के शीशे टूट गए।

वहीं, रामनगर में पर्यटकों की चलती इलेक्ट्रिक कार पर पेड़ गिर गया। चमोली में बद्रीनाथ हाईवे और पिथौरागढ़ में आदि कैलाश मार्ग समेत कई सड़कों पर मलबा और पेड़ गिरने से आवाजाही प्रभावित हुई। जोशीमठ में बारिश का पानी और मलबा घरों में घुस गया।इका जलस्तर लगातार 12वें दिन बढ़ रहा है।

खामोशी' पर वीडियो जारी कर दिया जवाब

दिल्ली में सीजेपीके प्रोटेस्ट में शामिल नहीं हो रहे सोनम वांगचुक

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी आज (शनिवार, 10 अक्तूबर 2026) को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन करने जा रही है। ये प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग लेकर है। इस बीच सभी की निगाहें इस बात पर टिकीं हैं कि क्या सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक प्रदर्शन में शामिल होंगे। इसका जवाब खुद वांगचुक ने दिया है वो भी शायराना अंदाज में।

सोनम वांगचुक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वो इस प्रदर्शन में शामिल नहीं हो रहे हैं। वांगचुक CJP के पिछले प्रदर्शन के अहम चेहरा रहे थे। लेकिन इस बार वो जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने



इससे दूरी बनाई है, जिसकी वजह भी उन्होंने बताई है।

सोनम वांगचुक ने क्या कहा

सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए सोनम वांगचुक ने कहा 'मैं दिल्ली में आप सबके साथ क्यों नहीं जुड़ पाऊंगा। सरकार की तरफ से हमारे काम में रुकावट डालने और उसे नुकसान पहुंचाने की तमाम कोशिशों के बावजूद, हम देश की सुरक्षा के लिए काम करते रहेंगे'।

आने वाली सर्दियों की तैयारियां

उन्होंने बताया कि वो आने वाली सर्दियों की तैयारियां कर रहे हैं। इसमें पानी की सुरक्षा के लिए कृत्रिम ग्लेशियर बनाना और ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी ग्लेशियर की झीलों से अचानक आने वाली बाढ़ के खतरे को समझने के लिए प्रयोग करना शामिल है। ताकि ऊंचे हिमालय में मौजूद 200 से ज्यादा खतरनाक टिकिंग वॉटर बॉम्ब के खतरे को कम किया जा सके।

वांगचुक का शायराना अंदाज

सोनम वांगचुक ने मशहूर शायर फैज अहमद फैज की पंक्तियों को अपने अंदाज में दोहराया। उन्होंने कहा फैज साहब के शब्दों में मैं कहूंगाज्और भी गम हैं जमाने में सियासत के सिवाज्राहतें और भी हैं वस्ल की राहत के सिवा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदर्शन के आयोजकों को शुभकामनाएं दीं, साथ ही युवाओं से महात्मा गांधी की विरासत को आगे बढ़ाने और सार्वजनिक प्रदर्शनों को पूरी तरह शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की।

न्यूज इन शॉर्ट

रायपुर दूधाधारी बजरंग गर्ल्स कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार

60 साल पुराने मुख्य भवन के पुनरुद्धार और नई वेंडिंग मशीनों के लिए उच्च शिक्षा संचालनालय को भेजा गया प्रस्ताव

रायपुर। राजधानी रायपुर के प्रसिद्ध शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय (ष्ठक्कगर्ल्स कॉलेज) में छात्राओं की सुविधाओं और परिसर के कायाकल्प को लेकर बड़ी पहल की जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.जया तिवारी द्वारा उच्च शिक्षा संचालनालय के अपर संचालक को प्रेषित किए गए प्रतिवेदन में परिसर की व्यवस्थाओं और भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय का मुख्य भवन लगभग 60 वर्ष पुराना हो चुका है, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके साथ ही संस्थान की ओर से पूरे महाविद्यालय का विस्तृत रिनोवेशन कराने हेतु एक विशेष प्रस्ताव संचालनालय उच्च शिक्षा को भेजा गया है। छात्राओं की दैनिक सुविधाओं और हाइजीन का ध्यान रखते हुए कॉलेज प्रशासन कई स्तरों पर कार्य कर रहा है। परिसर में पेयजल के लिए 7 वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं, जिनमें से एक खराब वाटर कूलर की तत्काल मरम्मत कराई जा रही है। स्वच्छता और हाइजीन के मानकों को देखते हुए वाटर कूलर के पास गिलास नहीं रखे गए हैं। इसके अलावा, पुरानी सेनेटरी वेंडिंग मशीन के अनुपयोगी होने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के समन्वय से 03 नई वेंडिंग और डिस्पोजल मशीनें अति-शीघ्र स्थापित करने की योजना है।

?महाविद्यालय में छात्राओं के अध्ययन और कक्षाओं के वातावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी कमरों में पर्याप्त पंखे व ट्यूब लाइट उपलब्ध हैं, और किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाता है। साथ ही पर्याप्त संख्या में मौजूद शौचालयों एवं कक्षाओं की नियमित साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूती देने के लिए कॉलेज का समृद्ध ग्रंथालय 60 हजार से अधिक पुस्तकों के साथ आधुनिक स्ह्लक्रु2.0 सॉफ्टवेयर एवं ह्लक्ष्यष्ट सुविधा से लैस है, जहाँ छात्राओं के बैठने की समुचित प्रबंध है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि छात्राओं को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संस्थान पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से ममता का घर हुआ रोशन, स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़े कदम

रायपुर। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा से जोड़ने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राह दिखा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड सिमगा के ग्राम चक्रवाय निवासी ममता बाई निषाद के घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम स्थापित किया गया है। बिहान की सोलर दीदियों की पहल से सौर ऊर्जा से जुड़ने का अवसर मिलने पर ममता बाई के परिवार को बिजली की जरूरतों को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सुविधा मिली है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी सोलर दीदियां ग्रामीणों को योजना की जानकारी देने, पंजीयन कराने तथा सोलर पैनल स्थापना की प्रक्रिया में सहयोग कर रही हैं।

ग्राम चक्रवाय में ममता बाई निषाद के घर स्थापित सोलर सिस्टम का कार्य शुभ संकुल संगठन, बनसांकरा, विकासखंड सिमगा के माध्यम से बिहान सोलर दीदियों द्वारा किया गया। इस पहल की विशेषता यह है कि बिहान की ग्रामीण महिलाएं केवल योजना का लाभ लेने तक सीमित नहीं हैं बल्कि सौर ऊर्जा जैसी आधुनिक तकनीक को गांव-गांव तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इससे महिलाओं की तकनीकी दक्षता विकसित होने के साथ उनके लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। ममता बाई निषाद के घर स्थापित 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने और महिलाओं की भागीदारी से विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जल जीवन मिशन के तहत विद्यार्थियों ने जाना जल संरक्षण और शुद्ध पेयजल का महत्व

स्वामी आत्मानंद विद्यालय सेमरा के विद्यार्थियों को कराया गया जलापूर्ति प्रणाली एवं जल गुणवत्ता परीक्षण का व्यावहारिक अध्ययन

एक सत बुलेटिन ➤ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही



जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों में जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षणिक एवं अवलोकन भ्रमण कराया गया। %एक जिला, एक विद्यार्थी भ्रमण, एक उत्कृष्ट कार्य% (एक्सपोजर विजिट) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों को ग्रामीण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल गुणवत्ता परीक्षण की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

भ्रमण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ओवरहेड टैंक (ओएचटी) एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का अवलोकन कराते हुए जल संग्रहण, वितरण तथा घर-घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की प्रक्रिया समझाई।प्रयोगशाला तकनीशियन द्वारा फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पानी के पीएच मान, कठोरता एवं अन्य गुणवत्ता संबंधी मापदंडों की जांच का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया।विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक जल परीक्षण की प्रक्रिया को समझा और पेयजल की शुद्धता के महत्व की जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय की प्राचार्या एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। साथ ही जल संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों को जल की प्रत्येक बूंद का महत्व बताते हुए पानी का अपव्यय रोकने, वर्षा जल संचयन तथा जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, जिला समन्वयक, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान से पात्र हितग्राहियों को मिल रही स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वास्थ्य मंत्री ने देव सिंह को सौंपा आयुष्मान कार्ड

ग्राम कोडागी के देव सिंह को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का संबल, पात्रतानुसार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा

एक सत बुलेटिन ➤ एमसीबी



सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की दिशा में जिले में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं टीबी मुक्त विकासखंड सम्मान समारोह के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एमसीबी जिले के विकासखंड खड़गवां अंतर्गत ग्राम कोडागी निवासी देव सिंह को अपने हाथों से आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। आयुष्मान कार्ड मिलने से देव सिंह को स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसा मिला है। योजना के निर्धारित प्रावधानों और पात्रता के अनुसार उन्हें प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

आयुष्मान कार्ड से मिलेगा उपचार में आर्थिक सुरक्षा का सहारा

बीमारी के समय बेहतर उपचार उपलब्ध कराना और इलाज पर होने वाले खर्च से परिवारों को आर्थिक राहत दिलाना आयुष्मान भारत योजना का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित नियमों, उपचार पैकेज और शर्तों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इससे जरूरत के समय पात्र परिवारों को उपचार संबंधी खर्च की चिंता कम करने और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सहायता मिलती है। ग्राम कोडागी निवासी देव सिंह को आयुष्मान कार्ड मिलने से भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उपचार की सुविधा प्राप्त करने का भरोसा मिला है। उन्होंने इस जनकल्याणकारी सुविधा के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना

सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित कर लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

टी 20 मैच की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने 16, 18 एवं 20 अक्टूबर को राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाले इंडिया 1ह्य जिम्बाब्वे टी 20 मैच की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के साथ बैठक ली।कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए तथा सामानों की ओवररेटिंग न हो। पुलिस प्रशासन से समन्वय कर सुरक्षा एवं ट्रैफिक के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।उन्होंने कहा कि मैदान में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित रहें। प्रशासन की एसओपी का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। आपदा के समय क्या किया जाए, इसकी कार्ययोजना पहले से तैयार रखें।डॉ. सिंह ने कहा कि आग से बचाव के लिए आवश्यक उपकरणों का अनिवार्य रूप से इंतजाम किया जाए तथा जिला सेनानी से समन्वय स्थापित कर उपकरणों का पूर्व परीक्षण कर लिया जाए।

सेवा संकल्प अभियान :

युवाओं के नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन, 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के लिए पंजीयन शुरू

10 क्षेत्रों में आमंत्रित किए जा रहे नवाचारी विचार, 50 विजेताओं को मिलेंगे 10-10 लाख रुपए के पुरस्कार

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 17 अक्टूबर तक करा सकते हैं ऑनलाइन पंजीयन

एक सत बुलेटिन ➤ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026' प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इच्छुक युवा एवं विद्यार्थी 17 अक्टूबर तक पंजीयन कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरेला में जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीयन तथा नवाचार के अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकेश रावटे ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में अधिक से अधिक पंजीयन कराने और अपने नवाचारी विचारों के माध्यम से प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह ने भी विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक श्री सुनील पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत 10 विभिन्न क्षेत्रों से नवीन, रचनात्मक एवं उपयोगी विचार आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र से 5 विजेताओं का चयन किया जाएगा। इस प्रकार कुल 50 विजेताओं को 10-10 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए कुल 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षणार्थियों के साथ ही संस्थान के बाहर के इच्छुक युवा एवं विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं की नवाचारी सोच को प्रोत्साहित करना तथा उनके विचारों को उपयोगी समाधान के रूप में विकसित करने के लिए अवसर उपलब्ध कराना है।

कला उत्सव 2026-27 में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोरिया का शानदार प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी पर आधारित 'कुपित याज्ञसेनी' को क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान, राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयन

महाभारत के द्रौपदी प्रसंग को पंडवानी शैली में जीवंत कर विद्यार्थियों ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान, तीजन बाई को समर्पित की गई प्रस्तुति

एक सत बुलेटिन ➤ एमसीबी



कला उत्सव 2026-27 में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोरिया, छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण कलात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक समर्पण का परिचय देते हुए शानदार उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला पंडवानी पर आधारित प्रस्तुति 'कुपित याज्ञसेनी' ने क्षेत्रीय कला उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक-सांस्कृतिक विरासत को गौरवान्वित किया है।

'कुपित याज्ञसेनी' में पंडवानी के माध्यम से जीवंत हुआ महाभारत का द्रौपदी प्रसंग

पारंपरिक कथावाचन की समूह श्रेणी में प्रस्तुत 'कुपित याज्ञसेनी' महाभारत के द्रौपदी प्रसंग पर आधारित है। इस प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पंडवानी शैली के माध्यम से न्याय, धर्म, साहस, नारी सम्मान और अटूट आस्था जैसे भारतीय जीवन-मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कक्षा 11वीं की छात्रा राजनंदिनी सिंह और छात्र विकास कुमार ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति, प्रभावशाली कथावाचन और सांस्कृतिक समझ से निर्णायकों को प्रभावित किया।

इस प्रस्तुति की एक विशेष उपलब्धि यह भी रही कि मुख्य कलाकार राजनंदिनी सिंह ने इसे छत्तीसगढ़ की महान पंडवानी कलाकार पद्म विभूषण तीजन बाई को समर्पित किया। तीजन बाई ने अपनी अद्वितीय कला-साधना से पंडवानी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति ने उनकी कला-परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ ही छत्तीसगढ़ की लोक-सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सार्थक संदेश दिया।

संकुल स्तर पर भी विद्यार्थियों ने हासिल की उल्लेखनीय सफलता

कला उत्सव 2026-27 के अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 7 एवं 8 सितंबर 2026 को जवाहर नवोदय विद्यालय, बिलासपुर तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, रायगढ़, छत्तीसगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता में चित्रकला, मूर्तिकला, स्वदेशी खिलौना निर्माण, पारंपरिक कथावाचन, समूह गायन, समूह नृत्य और शास्त्रीय नृत्य कथक सहित विभिन्न कलात्मक विधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में शास्त्रीय नृत्य कथक की एकल श्रेणी में कक्षा 9वीं की छात्रा डॉली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पारंपरिक कथावाचन की समूह श्रेणी में राजनंदिनी सिंह और विकास कुमार की प्रस्तुति 'कुपित याज्ञसेनी' ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस सफलता ने क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की मजबूत नींव रखी।

क्षेत्रीय कला उत्सव में प्रथम स्थान के साथ राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची प्रस्तुति

संकुल स्तर पर सफलता के बाद क्षेत्रीय कला उत्सव का आयोजन 7 एवं 8 अक्टूबर 2026 को जवाहर नवोदय विद्यालय, कटक, ओडिशा में किया गया। यहां भी 'कुपित याज्ञसेनी' ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव 2026-27 के लिए हुआ है।यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन, अनुशासन और कलात्मक प्रतिभा का परिणाम है। साथ ही यह भारतीय लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और विद्यालयी शिक्षा में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में विद्यालय के प्रयासों को भी रेखांकित करती है।

शिक्षकों के मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयासों से मिली सफलता

इस उल्लेखनीय उपलब्धि में कला शिक्षक मुकेश तिवारी का निर्देशन महत्वपूर्ण रहा। संगीत शिक्षक लौकेश कुमार कुरम, संजीव कुमार सिंह, प्रमोद सिंह एवं सुश्री शिप्रा गोस्वामी के सहयोग तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयासों ने विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।विद्यालय के प्राचार्य श्री सी. एल. कछवाह ने इस सफलता पर विद्यार्थियों और मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और भारतीय कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया।

राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की लोककला को पहचान दिलाने का संकल्प:पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोरिया परिवार को विश्वास है कि विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। 'कुपित याज्ञसेनी' के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल अपनी कलात्मक क्षमता साबित की है।

कोरिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में बनेगा साइबर कानूनी सहायता प्रकोष्ठ

साइबर ठगी के पीड़ितों को अब मिलेगी कानूनी मदद, ठगी गई रकम की वसूली में भी करेगा विधिक सेवा प्राधिकरण सहयोग

पैरालीगल वॉलिंटियर्स को साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

एक सत बुलेटिन ➤ एमसीबी

साइबर ठगी के शिकार लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने और ठगी गई राशि की वसूली की प्रक्रिया में सहयोग देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। साइबर अपराध पीड़ित व्यक्ति को विधिक सहायता एवं ठगी गई राशि की वसूली योजना 2026 के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया में साइबर कानूनी सहायता प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। यह प्रकोष्ठ पीड़ितों को शिकायत दर्ज कराने से लेकर बैंक, साइबर पुलिस और न्यायालय के स्तर पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई में सहायता प्रदान करेगा। इसी कड़ी में साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट से बचाव और साइबर सुरक्षा के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से पैरालीगल वॉलिंटियर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शुरू हुई पहल

माननीय उच्चतम न्यायालय के 04 अगस्त 2026 के आदेश के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साइबर अपराध पीड़ित व्यक्ति को विधिक सहायता एवं ठगी गई राशि की वसूली योजना 2026 तैयार की गई है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर में कानूनी सहायता प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य साइबर ठगी के पीड़ितों को समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना और उन्हें न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया में सहयोग देना है।

साइबर सेल के विशेषज्ञ ने पैरालीगल वॉलिंटियर्स को किया प्रशिक्षित

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष योगेश पारीक के मार्गदर्शन तथा प्राधिकरण की सचिव अमृता दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार कक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सेल बैकुण्ठपुर, कोरिया के विशेषज्ञ शिवम सिंह ने सक्रिय पैरालीगल वॉलिंटियर्स को साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट से बचाव और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान साइबर धोखाधड़ी से बचाव और आमजनों को जागरूक करने में पैरालीगल वॉलिंटियर्स की भूमिका पर भी जोर दिया गया।प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद पैरालीगल वॉलिंटियर्स समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर साइबर ठगी की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

जोश टीम' के राज्य स्तरीय शुभारंभ के साथ टीबी उन्मूलन अभियान को मिलेगी नई गति

छत्तीसगढ़ में पहली बार 04 विकासखण्ड टीबी मुक्त घोषित

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

छत्तीसगढ़ में टीबी उन्मूलन की दिशा में जनभागीदारी को और मजबूत करते हुए गुरुवार को राज्य में 'जोश टीम' का राज्य स्तरीय शुभारंभ खड़गंवा से किया गया साथ ही पूरे राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी जिला स्तरीय शुभारंभ जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ की जा रही इस पहल के अंतर्गत माय भारत के युवा स्वयंसेवकों एवं एनसीसी के कैडेटों को टीबी उन्मूलन के प्रयासों से जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में पहली बार 04 विकासखण्डों खड़गंवा, सोनहत, बतौली व घरघोड़ा को टीबी मुक्त विकासखण्ड घोषित किया गया। जिन्होंने न



सिफ छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे भारत में प्रथम टीबी मुक्त विकासखण्ड होने का गौरव अपने नाम किया।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवाओं की ऊर्जा और जनभागीदारी को टीबी उन्मूलन अभियान से जोड़कर इस अभियान को नई गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, नियमित उपचार और उपचार की पूर्णता के साथ टीबी के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक भेदभाव को समाप्त करना भी उतना ही आवश्यक है।उन्होंने कहा कि 'जोश टीम' के माध्यम से माय भारत और एनसीसी से जुड़े युवा अपने क्षेत्रों में लोगों को टीबी के लक्षणों, जांच, उपचार और बचाव के संबंध में जागरूक करेंगे। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से टीबी उन्मूलन का संदेश गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।इस अवसर पर राज्य के वर्ष 2025 हेतु 4676 टीबी मुक्त पंचायतों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने कहा चार विकासखण्डों की उपलब्धि बनी प्रेरणा

छत्तीसगढ़ में पहली बार चार विकासखण्डों को टीबी मुक्त घोषित किया जाना राज्य के टीबी उन्मूलन अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों, मितानिनों, निक्षय मित्रों, स्वयंसेवी संगठनों तथा समुदाय के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अब आवश्यकता है कि इन विकासखण्डों में प्राप्त उपलब्धि को बनाए रखने के साथ-साथ अन्य विकासखण्डों को भी टीबी मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएं।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की त्वरित पहल से दिव्यांग हितग्राही को एक घंटे में मिली ट्राइसाइकिल

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की त्वरित पहल से दिव्यांग हितग्राही को एक घंटे में मिली ट्राइसाइकिल

भटगांव विधानसभा के ग्राम कल्याणपुर निवासी 60 वर्षीय जगसाय राजवाड़े ने बीरपुर निवास पहुंचकर रखी थी मांग

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

जरूरतमंदों की सहायता के लिए त्वरित पहल करते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भटगांव विधानसभा के ग्राम कल्याणपुर निवासी दिव्यांग श्री जगसाय राजवाड़े को ट्राइसाइकिल



उपलब्ध कराई। श्री जगसाय 5 अक्टूबर को मंत्री श्रीमती राजवाड़े के निज निवास बीरपुर पहुंचे थे और अपनी आवागमन संबंधी कठिनाई बताते हुए ट्राइसाइकिल की मांग रखी थी।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने उनकी आवश्यकता को समझते हुए तत्काल संबंधित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मांग रखे जाने के लगभग एक घंटे के भीतर ही श्री जगसाय को ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई। इससे उनके आवागमन को सुविधाजनक बनाने में मदद मिली।मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जनसेवा का उद्देश्य जरूरतमंदों के जीवन को सुगम बनाना है। आमजन की समस्याओं को सुनना, उनकी जरूरतों को समझना और समय पर सहायता उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

महतारी वंदन योजना की राशि से बच्चों की पढ़ाई को संबल दे रहीं खुशबू दास



एक सत बुलेटिन ➤ एमसीबी

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलाव की कहानियां सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में एमसीबी जिले के चिरमिरी विकासखंड की निवासी खुशबू दास की कहानी सामने आई है, जिनके लिए महतारी वंदन योजना बच्चों की शिक्षा में सहयोग का माध्यम बन रही है।

बच्चों की पढ़ाई के लिए उपयोग कर रहीं आर्थिक सहायताखुशबू दास को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर महीने 1000 रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। वह इस राशि का उपयोग अपने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने में कर रही हैं। योजना से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता से उन्हें बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है। इस तरह योजना उनके परिवार में बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने में सहायक साबित हो रही है।

योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, निर्माण कार्य समय-सीमा में करें पूर्ण

एक सत बुलेटिन ➤ धमतरी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शाखा प्रमुखों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने, अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू कराने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में स्वामी विवेकानंद खेल प्रोत्साहन योजना के तहत पंचायतों के माध्यम से खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा रिसगांव में पुलिस विभाग के समन्वय से बॉक्सिंग सहित अन्य खेल गतिविधियों की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। पंचायत अवार्ड के लिए बेहतर कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों का चयन करने पर भी जोर दिया गया।

निर्माण कार्यों और आवास योजनाओं की समीक्षा

सीईओ ने वीबी-जी रामजी योजना के स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ करने तथा बिजनापुरी, श्यामतराई और कोकड़ी में शेड निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत लंबित शौचालय निर्माण 15 नवंबर तक पूर्ण कराने और अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वाले पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने, मैदानी समस्याओं का निराकरण करने तथा पंचायत सचिवों को प्रत्येक सोमवार बैंक जाकर आवश्यक अभिलेख अद्यतन कराने को कहा गया।

कला और कल्पनाशीलता से युवाओं ने दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश

कला और कल्पनाशीलता से युवाओं ने दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश

वन्यजीव सप्ताह का समापन, कला और रचनात्मक गतिविधियों से विद्यार्थियों ने दिखाई पर्यावरण के प्रति जागरूकता

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

वन्यजीव संरक्षण का संदेश देने वाली युवा प्रतिभाओं को गुरुवार को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन के दंडकारण्य सभागार में पुरस्कृत किया गया। वन्यजीव सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में कला और ज्ञान आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा



रायपुर वनमंडल द्वारा कलिंगा विश्वविद्यालय के हरित समूह एवं प्राणीशास्त्र विभाग के सहयोग से 2 से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह मनाया गया। 'जुड़ते प्राकृतिक आवास, फलते-फूलते वन्यजीव' की थीम पर आयोजित इस सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के जरिए प्रकृति और जैव विविधता संरक्षण का महत्व समझा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री अरुण कुमार पाण्डेय व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।सप्ताहभर चले आयोजन में कागज की आकृतियां और घोंसलों के प्रतिरूप बनाने, बीजगोलक (सीड बॉल) निर्माण, वन्यजीव छायाचित्रण तथा प्रकृति भ्रमण जैसी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से उन्हें वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।



धमतरी में मखाना की खेती से किसानों की आय बढ़ाने की नई पहल

एक सत बुलेटिन ➤ धमतरी

सेवा संकल्प अभियान के तहत किसानों की आय में वृद्धि, महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा कृषि के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में धमतरी जिले में मखाना की खेती एक नई संभावना के रूप में उभर रही है। धान सहित पारंपरिक फसलों के साथ मखाना उत्पादन को प्रोत्साहित कर किसानों के लिए आय के नए अवसर विकसित किए जा रहे हैं। जिले में मखाना की खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

42 हेक्टेयर में शुरू हुई मखाना की खेती

केंद्र सरकार की सेंट्रल सेक्टर स्कीम फॉर डेवलपमेंट ऑफ मखाना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में धमतरी जिले को तालाबों में मखाना की खेती (पॉन्ड कल्टीवेशन) के लिए 66 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य मिला था। इसके विरुद्ध जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 42 हेक्टेयर क्षेत्र में मखाना की खेती प्रारंभ की गई है। यह पहल जिले में कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देने और किसानों को परंपरागत खेती के अतिरिक्त लाभकारी विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

महिला समूहों की पहल, 29 एकड़ में मखाना उत्पादन

जिले के ग्राम छाती और डांडेसरा में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा मखाना उत्पादन की पहल की गई है। शैलपुत्री स्व-सहायता समूह और नई किरण स्व-सहायता समूह के माध्यम से कुल 29 एकड़ क्षेत्र में उत्पादित मखाना की हार्वेस्टिंग की जा रही है। इससे महिला समूहों के लिए आजीविका के नए अवसर विकसित होने के साथ सामूहिक उद्यमिता को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

मखाना उत्पादन का हार्वेस्टिंग शुभारंभ कार्यक्रम 13 अक्टूबर 2026, मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष,जिला पंचायत श्री अरुण सार्वा, कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य मखाना की खेती के अनुभवों को अन्य किसानों तक पहुंचाना और जिले में इसका विस्तार करना है।

अगले वर्ष 100 एकड़ में खेती का लक्ष्य

मखाना उत्पादन को जिले में व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए ग्राम सेनचुवा, भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है। ये

रामपुर आश्रम में जनभागीदारी से चला सेवा संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत चपका स्थित रामपुर आश्रम में जनभागीदारी से सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया।



वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के साथ झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। इस दौरान ऐतिहासिक मंदिर परिसर, मारकंडी नदी घाट और प्राकृतिक जल कुंड की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जलस्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

स्वच्छता अभियान में स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सभी ने मिलकर नदी घाट, प्राकृतिक जल कुंड और मंदिर परिसर के आसपास फैले कचरे, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट की सफाई की। वन मंत्री श्री कश्यप ने स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने तथा धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के साथ प्राकृतिक जलस्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने जलस्रोतों को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया। अभियान में जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री दिनेश कश्यप सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छ भारत मिशन की टीम और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

बीएलओ को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने पर जोर,

एक सत बुलेटिन ➤ एमसीबी

मतदाता सूची को अधिक समावेशी एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से छूटे हुए पात्र मतदाताओं तथा 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मनेंद्रगढ़ एवं चिरमिरी में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया तथा अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

मनेंद्रगढ़ में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मनेंद्रगढ़ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मनेंद्रगढ़ की उपस्थिति में तहसील मनेंद्रगढ़ के बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर टी. विजय गोपाल राव ने बीएलओ को विशेष अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए आवश्यक प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

प्रशिक्षण में छूटे हुए पात्र मतदाताओं की पहचान करने, संबंधित नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करने तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कराने पर जोर दिया गया। साथ ही 17 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता बताई गई, ताकि पात्रता प्राप्त होने पर वे नियमानुसार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें।

इसी क्रम में चिरमिरी में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण बैठक में मास्टर ट्रेनर चंदन दत्ता ने सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के दौरान अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करने तथा पात्र नागरिकों तक मतदाता पंजीकरण संबंधी जानकारी पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन

कक्षा 10वीं में 'मिशन 90 पार' और 12वीं में 'मिशन 95 पार' का लक्ष्य

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की अध्यक्षता में प्राचार्यों की समीक्षा बैठक, परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए दिए निर्देश

एक सत बुलेटिन ➤ धमतरी

जिले में बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में सुधार और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं के लिए 'मिशन 90 पार' तथा कक्षा 12वीं के लिए 'मिशन 95 पार' की रणनीति तैयार की गई है। इस संबंध में 6 अक्टूबर को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, शंकरदाह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा की अध्यक्षता में जिले की शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गत वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए श्री नाहटा ने बेहतर परिणाम के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने, उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने, अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से पाठ्यक्रम समय पर पूरा करने तथा कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर विशेष कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। राज्य के



शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 15 नवंबर तक पाठ्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी ने बोर्ड परीक्षा 2026 में 60 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाली 29 शासकीय एवं 23 अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों से चर्चा कर सुधारात्मक प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में जिला पीएलसी समिति द्वारा तैयार प्रश्न बैंक एवं मॉडल उत्तरों का लिखित अभ्यास कराने तथा जिला शिक्षा विभाग के यूट्यूब चैनल और पीएम ई-विद्या के माध्यम से विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग देने पर भी चर्चा हुई।

सेवा संकल्प अभियानः

आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट टीवी की सौगात, रोचक होगी बच्चों की पढ़ाई

एक सत बुलेटिन ➤ धमतरी

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए अधिक आकर्षक, ज्ञानवर्धक और सीखने के अनुकूल बनाने की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के प्रयासों तथा स्थानीय राइस मिल एसोसिएशन के सहयोग से जिले के 82 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए गए हैं। इससे प्रारंभिक बाल शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के साथ बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और सहज बनाने में मदद मिलेगी। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चे खेल-खेल में अक्षर, अंक, रंग, आकार, कविताएं, कहानियां, बालगीत तथा देश-दुनिया से जुड़ी उपयोगी जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

जिले में स्मार्ट टीवी वितरण की यह पहल विभिन्न विकासखंडों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढ़ाई गई है। नगरी विकासखंड में आयोजित निदान-03 शिविर के दौरान मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग ने 46 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्मार्ट टीवी वितरित किए।

जिले में 1,164 आंगनबाड़ी केंद्रों का व्यापक नेटवर्क

धमतरी जिले में कुल 1,164 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें नगरी विकासखंड में 372, कुरूद में 291, धमतरी ग्रामीण में 239, मगरलोड में 201 तथा धमतरी शहरी क्षेत्र में 61 केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

न्यूज इन शॉर्ट

रामपुर आश्रम में जनभागीदारी से चला सेवा संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान

रायपुर। बस्तर जिले के ग्राम पंचायत चपका स्थित रामपुर आश्रम में जनभागीदारी से सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के साथ झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। इस दौरान ऐतिहासिक मंदिर परिसर, मारकंडी नदी घाट और प्राकृतिक जल कुंड की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जलस्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।स्वच्छता अभियान में स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सभी ने मिलकर नदी घाट, प्राकृतिक जल कुंड और मंदिर परिसर के आसपास फैले कचरे, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट की सफाई की। वन मंत्री श्री कश्यप ने स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने तथा धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के साथ प्राकृतिक जलस्रोतों को स्वच्छ बनाएरखने में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने जलस्रोतों को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया। अभियान में जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री दिनेश कश्यप सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छ भारत मिशन की टीम और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए बालोद जिले में विशेष अभियान शुरू

बालोद। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बालोद जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने और छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अभियान के प्रभावी संचालन के लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों-59 संजारी बालोद, 60 डौण्डीलोहारा (अ.ज.जा.) और 61 गुण्डरदेही के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। साथ ही, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरवाने और नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

ऐसे पात्र नागरिक, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर ऑफलाइन आवेदन जमा किया जा सकता है। इसके अलावा, नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल ीजजचेरूध्अवजमते.मबप.हवअ.पद पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए ईसीआई नेट मोबाइल ऐप का भी उपयोग किया जा सकता है।जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र नागरिकों, विशेषकर पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आएं। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं।

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

गरियाबंद। विशेष अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी देना तथा उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर राजिम के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री विशाल महाराणा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया और मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

बस्तर में पुनर्वास और स्वावलंबन की मिसाल बना 'पण्डुम कैफ़े', केंद्रीय सहकारिता सचिव ने की सराहना

बस्तर में पुनर्वास और स्वावलंबन की मिसाल बना 'पण्डुम कैफ़े', केंद्रीय सहकारिता सचिव ने की सराहना

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

बस्तर में हिंसा का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा में लौटे युवाओं द्वारा संचालित 'कैफे पण्डुम' पुनर्वास और स्वावलंबन की मिसाल बन रहा है।



जगदलपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे भारत सरकार के सहकारिता सचिव डॉ. आशीष भूटानी सहित केंद्र और विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को कैफे का भ्रमण किया।

उन्होंने युवाओं से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की और इसे आजीविका एवं सामाजिक बदलाव की महत्वपूर्ण पहल बताया।

जीवन तथा आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है।

भ्रमण के दौरान बस्तर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने अधिकारियों को कैफे की अवधारणा, संचालन और इससे जुड़े परिवारों की आजीविका बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल हिंसा से प्रभावित और मुख्यधारा में लौटे लोगों को सम्मानजनक जीवन तथा आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है।

वरिष्ठ अधिकारियों ने कैफे की व्यवस्थाओं, स्थानीय व्यंजनों, प्राकृतिक रंगों से सजे परिसर और आत्मीय आतिथ्य की सराहना की। उन्होंने कैफे को सादगी और स्थानीय परिवेश के साथ विकसित एक जीवंत केंद्र बताया। अधिकारियों ने कैफे का संचालन कर रहे युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया।

डिजिटल क्रॉप सर्वे में शत-प्रतिशत गिरदावरी सुनिश्चित करें -मुख्य सचिव श्री विकासशील



एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में डिजिटल क्रॉप सर्वे के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वे की प्रगति, भूमि अभिलेखों की पूर्णता और शत-प्रतिशत गिरदावरी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव श्री विकासशील ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में फसलें बोई गई है, वहां उसकी वास्तविक स्थिति का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाए। संबंधित खसरों का सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि भूमि पर फसल लगी है या नहीं। फसल वाले क्षेत्रों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पॉलीगॉन बनाकर जानकारी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से खेतों में बोई गई फसल का सटीक और विश्वसनीय विवरण तैयार किया जाना चाहिए।

डिजिटल क्रॉप सर्वे का क्रॉस वेरिफिकेशन करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सर्वे की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर पर टीम गठित कर विभिन्न जिलों में फील्ड वेरिफिकेशन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वे में दर्ज जानकारी का मौके पर सत्यापन किया जाए तथा कितने खसरों का सत्यापन हुआ है, कितने रिकॉर्ड सही पाए गए है, कहां त्रुटियां मिलीं है इसकी रिपोर्ट तैयार की जाए। त्रुटिपूर्ण रिकॉर्ड को सुधारने के साथ ही सर्वे की आंतरिक जांच भी सुनिश्चित की जाए।उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे के आंकड़ों का धान की खेती, किसान पंजीयन और धान उपार्जन से संबंधित आंकड़ों के साथ तुलनात्मक परीक्षण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न अभिलेखों में उपलब्ध जानकारी का मिलान कर आवश्यक सुधार करने कहा है।

नक्शों की त्रुटियों के निराकरण के लिए तकनीकी समाधान तलाशें

बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान सामने आई प्रमुख बाधाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि नक्शों की अनुपलब्धता और अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण कार्य अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। राजस्व विभाग इन समस्याओं के निराकरण के लिए उपयुक्त तकनीकी समाधान तलाशे। मुख्य सचिव ने कहा कि आवश्यकतानुसार नक्शों को अद्यतन करने की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों में भौतिक सत्यापन और पॉलीगॉन सत्यापन आवश्यक है, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा कर लिया जाए।

कलेक्टरों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा करें

मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति और सत्यापन कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्टरों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के संबंधित अधिकारी गांवों और खेतों के रिकॉर्ड का सत्यापन करें तथा कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। सर्वे की नियमित निगरानी के साथ विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव सुश्री रीना बाबा साहब कंगाले, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ सिद्दीकी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान : ग्राम चिचगोहना में स्वच्छता अभियान एवं जल जन चौपाल का आयोजन



एक सत बुलेटिन ➤ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चिचगोहना में जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नदी घाट स्वच्छता अभियान, जल जन चौपाल, ग्रामीण पेयजल स्रोत जांच एवं ग्राम जल सुरक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने रैले निकाल कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा सुरक्षित पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया। विभागीय अमले द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि जल जीवन का आधार है और इसकी प्रत्येक बूंद का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नदी, तालाब, कुएं एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना न केवल पर्यावरण संरक्षण, बल्कि स्वस्थ जीवन के लिए भी आवश्यक है।

जल जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, पानी के विवेकपूर्ण उपयोग, जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा जल प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीण पेयजल स्रोतों की जांच एवं जल सुरक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा प्राकृतिक जल संसाधनों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने जल स्रोतों को स्वच्छ रखने, पानी का अपव्यय रोकने तथा भावी पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण करने का सामूहिक संकल्प लिया।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की त्वरित पहल से दिव्यांग हितग्राही को एक घंटे में मिली ट्राइसाइकिल

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की त्वरित पहल से दिव्यांग हितग्राही को एक घंटे में मिली ट्राइसाइकिल

भटगांव विधानसभा के ग्राम कल्याणपुर निवासी 60 वर्षीय जगसाय राजवाड़े ने बीरपुर निवास पहुंचकर रखी थी मांग

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर



जरूरतमंदों की सहायता के लिए त्वरित पहल करते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भटगांव विधानसभा के ग्राम कल्याणपुर निवासी दिव्यांग श्री जगसाय राजवाड़े को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। श्री जगसाय 5 अक्टूबर को मंत्री श्रीमती राजवाड़े के निज निवास बीरपुर पहुंचे थे और अपनी आवागमन संबंधी कठिनाई बताते हुए ट्राइसाइकिल की मांग रखी थी।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने उनकी आवश्यकता को समझते हुए तत्काल संबंधित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मांग रखे जाने के लगभग एक घंटे के भीतर ही श्री जगसाय को ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई। इससे उनके आवागमन को सुविधाजनक बनाने में मदद मिली।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जनसेवा का उद्देश्य जरूरतमंदों के जीवन को सुगम बनाना है। आमजन की समस्याओं को सुनना, उनकी जरूरतों को समझना और समय पर सहायता उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को सुविधा और आत्मविश्वास देने के लिए सहायता एवं सहयोग के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

नई शुरुआत

कला और कल्पनाशीलता से युवाओं ने दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश

कला और कल्पनाशीलता से युवाओं ने दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश

वन्यजीव सप्ताह का समापन, कला और रचनात्मक गतिविधियों से विद्यार्थियों ने दिखाई पर्यावरण के प्रति जागरूकता

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

वन्यजीव संरक्षण का संदेश देने वाली युवा प्रतिभाओं को गुरुवार को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन के दंडकारण्य सभागार में पुरस्कृत किया गया। वन्यजीव सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में कला और ज्ञान आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा रायपुर वनमंडल द्वारा कलिंगा विश्वविद्यालय के हरित समूह एवं प्राणीशास्त्र विभाग के सहयोग से 2 से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह मनाया गया। 'जुड़ते प्राकृतिक आवास, फलते-फूलते वन्यजीव' की थीम पर आयोजित इस सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के जरिए प्रकृति और जैव विविधता संरक्षण का महत्व समझा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री अरुण कुमार पाण्डेय व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

आवासों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

सप्ताहभर चले आयोजन में कागज की आकृतियां और घोंसलों के प्रतिरूप बनाने, बीजगोलक (सीड बॉल) निर्माण, वन्यजीव छायाचित्रण तथा प्रकृति भ्रमण जैसी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से उन्हें वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

शॉर्ट फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता में कलिंगा विश्वविद्यालय के देवेश मिंज, सिद्धांत नागपुरे और वर्षा साहू क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। निबंध प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय की श्रेया साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उपरवारा की शैल्या साहू और पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय माना कैंप के आकाश दास ने क्रमशः प्रथम तीन स्थान प्राप्त किए। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय माना कैंप की हेमा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गनोद की दीपिका साहू को सांत्वना पुरस्कार मिला। वन्यजीव सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं और प्रकृति आधारित गतिविधियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने तथा जैव विविधता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का अवसर दिया।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट गिरे



एजेंसी ➤ डरबन

ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेशन में 3 विकेट गंवाए। ट्रैविस हेड 19 गेंदों पर 9 रन बनाकर आउट हुए। वियान मुल्डर की गेंद लेग स्टंप के बाहर से बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर काइल वेरेने के दस्तानों में गई। अंपायर ने पहले उन्हें नॉटआउट दिया, लेकिन साउथ अफ्रीका के रिव्यू लेने पर फैसला बदल गया।इसके बाद निक मैडिनसन भी खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। वह 33 गेंदों तक कोई रन नहीं बना सके। मार्को यानसन की गेंद पर बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा और वह आउट हो गए। मैडिनसन 10 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे थे। इससे पहला उनका आखिरी टेस्ट पाकिस्तान के खिलाफ दिसंबर 2016 था।

तीसरे विकेट के रूप में मार्नस लाबुशेन आउट हुए। वह 37 रन बनाकर खेल रहे थे। मुल्डर की अंदर आती गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर ने उन्हें आउट दिया और लाबुशेन ने रिव्यू लिया, लेकिन फैसला नहीं बदला। वह लगातार 11वीं टेस्ट पारी में अर्धशतक लगाने में नाकाम रहे।मैडिनसन के आउट होने के बाद स्टीव स्मिथ क्रीज पर आए। उनके आते ही एनरिक नॉर्त्या को गेंदबाजी पर लगाया गया, जिससे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को तेज रफ्तार और उछाल का सामना करना पड़ा।स्मिथ ने केशव महाराज के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और उनके दूसरे ओवर में लगातार दो छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ के टेस्ट रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और देश के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों में तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

हालांकि, लंच के बाद स्मिथ की पारी ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकी। यानसन ने राउंड द विकेट से गेंदबाजी करते हुए उन्हें गली में कैच करा दिया। स्मिथ ने 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह अपने शीर्ष क्रम के चार विकेट गंवा दिए।साउथ अफ्रीका ने इसके बाद भी अपनी लाइन और लेंथ बनाए रखी। मैट रेनशॉ के खिलाफ यानसन की एक उछाल भरी गेंद पर कैच की अपील हुई, लेकिन गेंद दस्ताने के बजाय उनके फोरआर्म से लगी थी।

पीवी सिंधु आर्कटिक ओपन बैडमिंटन से बाहर



भारत की पीवी सिंधु शुक्रवार को फिनलैंड के वंता में आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं।12 बार की ओलिंपिक पदक विजेता सिंधु को टॉप सीड और दुनिया की नंबर-5 खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन ने 21-11, 19-21, 21-18 से हराया। मुकाबला एक घंटे और दो मिनट चला।

भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे बड़ा रनचेज



एजेंसी ➤ नई दिल्ली

रांची। भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे बड़ा रनचेज हो गया है। वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच में 6 विकेट खोकर 250 रन का टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 223 रन चेज किए थे।रांची में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 249 रन बनाए। संजू सैमसन ने 41 बॉल पर 82 रन बनाए। उनके अलावा ईशान किशन ने 43 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा 44 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने आखिरी ओवर में लगातार 3 सिक्स लगाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 40 रन बनाए।

जवाब में वेस्टइंडीज ने 18.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 252 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। कप्तान शाई ने 45 बॉल पर नाबाद 102 रन की पारी खेली। शेरफेन रदरफोर्ड ने 37 बॉल पर 84 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड 13 बॉल पर 34 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत से मयंक यादव ने 3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को एक विकेट मिला।

शाई होप ने 45 गेंदों में शतक जड़ा, वेस्टइंडीज जीतावेस्टइंडीज ने 250 रन का टारगेट 18.3 ओवर में हासिल कर इतिहास रच दिया। टीम ने 6 विकेट से मुकाबला जीतकर 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। कप्तान शाई होप ने सिर्फ 45 गेंदों में शतक पूरा किया। यह उनका टी-20 में दूसरा शतक है।

इंडिया के खिलाफ सबसे बड़ा टी-20 रनचेज; सिर्फ दूसरी बार मैच में 500+ रन बने

भारत एक साल में 300 छक्के लगाने वाली पहली टीम

एजेंसी ➤ रांची

वेस्टइंडीज ने रांची में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में भारत को 6 विकेट से हरा दिया। टीम ने 250 रन का टारगेट 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। यह भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे बड़ा रनचेज भी है।भारत ने पहली पारी में 13 छक्के लगाए। इसके साथ ही टीम एक साल में 300 छक्के लगाने वाली पहली फुल मेंबर टीम बन गई। मैच में कुल 501 रन बने। यह सिर्फ दूसरी बार है, जब किसी टी-20 मैच में 500+ रन बने हैं।भारत ने 2026 के टी-20 इंटरनेशनल में 311 छक्के लगाए। पहली बार किसी फुल मेंबर यानी टेस्ट खेलने वाली टीम ने एक साल में 300 छक्के लगाए। इससे पहले भारत ने ही 2022 में 289 छक्के लगाए थे।

2. टी-20 में भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रनचेज

वेस्टइंडीज ने रांची में भारत के खिलाफ टी-20 का सबसे बड़ा रनचेज किया। इससे पहले भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 223 रन का टारगेट चेज किया था।ओवरऑल टी-20 इंटरनेशनल में यह दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। साउथ अफ्रीका पहले नंबर स्थान पर है, जिसने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 259 रन का टारगेट हासिल किया था।



3. दूसरी बार टी-20 इंटरनेशनल में 500 रन बने

रांची में 501 रन बने। यह मेंस टी-20 इंटरनेशनल का दूसरा मैच है, जब दोनों पारियों में मिलाकर 500 रन बने हो। पहले स्थान पर साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज का मैच है। 2009 में सेंचुरियन में खेले गए इस मुकाबले में 517 रन बने थे।

व्यापार

फेस्टिव सीजन में कारों का धमाका



नई कार खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो अक्टूबर में कई लॉन्चेज होने वाले हैं. फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए तमाम कंपनियों ने अपनी तैयारी कर ली हैं। टोयोटा, होंडा, हुंडई, स्कोडा और रेनो अपनी नई कारों को इस महीने मार्केट में उतारने वाले हैं। इस महीने हमें 5 मास मार्केट गाड़ियां देखने को मिलेंगी। इस लिस्ट में हैचबैक से लेकर एसयूवी और सेडान तक शामिल हैं। ऐसे में नई कार खरीदने वालों को थोड़ा इंतजार कर लेने से बेहतर विकल्प या बेहतर डील दोनों मिल सकती है।

इंडिगो में कल से सफर महंगा, फ्यूल चार्ज बढ़ाया

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

1300, इंटरनेशनल में देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की फ्लाइट्स मंगलवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में ?1300 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में ?10,000 तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। नई कीमतें 6 अक्टूबर रात 12ः01 बजे से लागू होंगी।इंडिगो ने छह महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। इससे पहले एयरलाइन ने इस साल 14 मार्च और फिर 1 अप्रैल को किराया बढ़ाया था। एयरलाइन के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल महंगा होने से लिया गया है।कंपनी ने किराया बढ़ाने का फैसला हवाई जहाजों में इस्तेमाल होने वाला फ्यूल महंगा होने की वजह से लिया है। 1 अक्टूबर से घरेलू एयरलाइंस के लिए कीमत ?121 से बढ़कर अब ?137 हो गई है। यानी 1 लीटर ञ्जस्न की कीमत 16 रुपए (करीब 13.2त्न) बढ़ गई है।इंडिगो के अनुसार, पिछले एक ही महीने में जेट फ्यूल के दाम 14त्न से ज्यादा बढ़ चुके हैं। इसके चलते प्लेन में डलने वाला तेल अब पिछले 10 सालों में सबसे ज्यादा महंगा हो गया है।



एयरलाइंस के लिए सबसे बड़ा खर्च होता है जेट-फ्यूलजेट फ्यूल की कीमतें बढ़ने के चलते दुनियाभर की एयरलाइंस ने न सिर्फ टिकट के दाम बढ़ा दिए हैं, बल्कि अपने भविष्य के वित्तीय अनुमानों यानी फाइनेंशियल आउटलुक को भी वापस लिया है। एयरलाइंस के लिए जेट-फ्यूल सबसे बड़ा खर्च होता है। से 40त्न होती है।

अब बिना कोर्ट-ऑर्डर अरेस्ट नहीं कर पाएंगे; GST कानून में सुधार की तैयारी

टैक्स अधिकारियों से छिनेगा गिरफ्तारी का अधिकार

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल 7 अक्टूबर को होने वाली अपनी बैठक में देश के इनडायरेक्ट टैक्स सिस्टम में बड़े सुधारों को मंजूरी दे सकती है। नए प्रस्ताव के तहत टैक्स अधिकारियों से सीधे गिरफ्तार करने का अधिकार वापस लेने और फर्जीवाड़े के आपराधिक मामलों की सीमा बढ़ाने की तैयारी है।सितंबर 2025 में हुए रेट रेशनलाइजेशन यानी त्रस्ज्ञ दरों में बदलाव के बाद सरकार अब नेक्स्ट-जनरेशन जीएसटी के तहत टैक्स प्रशासन को आसान बनाने और कारोबारियों को राहत देने पर काम कर रही है।ताव लाया जा रहा है?

जवाबः नए प्रस्ताव के तहत सीजीएसटी एक्ट की धारा 69 में संशोधन की तैयारी है। अब तक कमिश्नर लेवल की मंजूरी मिलने पर जीएसटी अधिकारी किसी व्यक्ति को सीधे गिरफ्तार कर सकते थे।नए बदलाव के बाद



अधिकारियों से यह पावर वापस ले ली जाएगी। अब किसी भी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट (न्यायिक मंजूरी) का आदेश अनिवार्य होगा।

सवालः क्रिमिनल प्रोसीडिंग्स की सीमा में क्या बदलाव होगा?

जवाबः वर्तमान में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की टैक्स चोरी या फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम के मामलों में आपराधिक कार्रवाई और गिरफ्तारी की व्यवस्था है।

प्रस्ताव के अनुसार, क्रिमिनल केस चलाने की इस लिमिट को ?1 करोड़ से बढ़ाकर सीधे ?5 करोड़ करने की सिफारिश की गई है। यानी ?5 करोड़ से कम के मामलों में आपराधिक केस दर्ज नहीं होगा।

सवालः क्या रूटीन टैक्स विवादों में भी अब जेल जाना पड़ सकता है?

जवाबः नहीं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि क्लासिफिकेशन, वैल्यूएशन या इनपुट टैक्स क्रेडिट के रूटीन विवादों को क्रिमिनल प्रोसीडिंग्स के दायरे से बाहर रखा जाएगा।कई बार किसी एक ट्रांजैक्शन की परिभाषा को लेकर बिजनेस और टैक्स अधिकारियों की राय अलग-अलग हो सकती है, ऐसे मामलों को अब क्रिमिनल ऑफेंस नहीं माना जाएगा।सवालः जीएसटी अधिकारियों से अरेस्ट पावर वापस लेने की मुख्य वजह क्या है?

जवाबः जब 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू हुआ था, तब फेक इनवॉइस और टैक्स चोरी पकड़ने के लिए ऑटोमेटेड सिस्टम मजबूत नहीं था। इसलिए गिरफ्तारी का डर जरूरी था। अब जीएसटी का सिस्टम बहुत मजबूत हो चुका है।


अमेरिका-भारत ट्रेड डील की बातचीत में अब ज्यादा गुंजाइश नहीं



एजेंसी ➤ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत ऐसी जगह पर आकर अटक गई है, जहां से आगे बढ़ना दोनों देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित म्यूनिख लीडर्स मीटिंग के दौरान यह बात कही। ।उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बात उस मोड़ पर पहुंच चुकी है जहां न तो भारत और छूट देने को तैयार है, और न ही अमेरिका। वित्त मंत्री ने कहा फिर भी अगर आगे बातचीत का कोई नया रास्ता निकलता है या गुंजाइश बनती है, तो दोनों देश उस पर बात करने के लिए तैयार हैं।

व्यापार समझौते में हर देश चाहता है कि उसके किसानों, कंपनियों और व्यापारियों का नुकसान न हो। एक हद के बाद कोई भी देश अपनी शर्तों से पीछे नहीं हटना चाहता। इसका मतलब यह नहीं है ।



आप के खुले पत्ते

2022 में आम आदमी पार्टी सत्ता में आने के लिए छटपटा रही थी। भगवंत मान को एक बार सत्ता में एंट्री चाहिए थी। उन्होंने पारंपरिक पार्टियों के खिलाफ जनता के गुस्से का फायदा उठाया। आज स्थिति यह है कि भगवंत मान पार्टी के एकछत्र और निर्विवाद चेहरा बन चुके हैं। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में जब आम आदमी पार्टी ने पूर्व कॉमेडियन भगवंत मान को अपना मुख्यमंत्री चेहरा बनाया, तो विरोधी खेमे ने इसे एक सियासी मजाक समझा था। लेकिन नतीजों ने साबित कर दिया कि यह दांव पूरी तरह सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था।इसने बरसों से पंजाब में राज कर रहे अकाली दल और कांग्रेस के किले को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।पांच साल सरकार चलाने के बाद अब परिस्थिति बदल चुकी है। 2022 में भगवंत मान बदलाव के वादे पर चुनाव मैदान में उतरे थे, जबकि आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें अपने पांच साल के कामकाज के हिसाब पर वोट मांगना है। पंचायत आजतक में हिस्सा लेने आए भगवंत मान का आत्मविश्वास देखने लायक था। लेकिन पंजाब के सियासी समीकरणों और जमीनी हकीकत को देखें तो उनकी राह में चुनौतियां कम नहीं हैं।2022 में आम आदमी पार्टी सत्ता में आने के लिए छटपटा रही थी। भगवंत मान को एक बार सत्ता में एंट्री चाहिए थी। उन्होंने पारंपरिक पार्टियों के खिलाफ जनता के गुस्से का फायदा उठाया। आज स्थिति यह है कि भगवंत मान पार्टी के एकछत्र और निर्विवाद चेहरा बन चुके हैं। पूरे राज्य में आम आदमी पार्टी का अपना कैडर और मजबूत ढांचा तैयार हो चुका है।भगवंत मान की सबसे बड़ी ताकत उनकी वेलफेयर स्कीम हैं। 300 यूनिट मुफ्त बिजली, गांव-गांव में खुले आम आदमी क्लिनिक और महिलाओं को सीधे 1000 से 1500 रुपए की वित्तीय सहायता देने जैसी योजनाओं का ग्रामीण इलाकों और गरीब तबके में गहरा असर दिखा है। मुफ्त बिजली का लाभ राज्य के एक बड़े हिस्से को मिला है।इसके अलावा विपक्ष की कमजोरी भी भगवंत मान के हक में है। कांग्रेस आज भी अंदरूनी खींचतान से जूझ रही है और शिरोमणि अकाली दल अपने अब तक के सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। ऐसे में आम आदमी पार्टी के पास एक मजबूत विकल्प के रूप में टिके रहने का पूरा मौका है।पांच साल की सत्ता अपने साथ सरकार विरोधी लहर यानी एंटी-इंकंबेंसी भी लाती है। 2022 में जनता ने जिस बदलाव पर भरोसा किया था, 2027 में वही जनता एक-एक वादे का हिसाब मांगेगी। मान सरकार की निष्पक्ष और ईमानदार छवि पर हाल के समय में कानूनी और न्यायिक जांच की वजह से सवाल उठे हैं। उनके दफ्तर और अधिकारियों से जुड़ी केंद्रीय जांच एजेंसियों (सीबीआई और ईडी) की हलल ने ईमानदार सीएम की ब्रांडिंग पर कुछ दाग लगाए हैं।भगवंत मान इंटरव्यू में इसे बीजेपी का चुनावी हथकंडा बताते हैं, लेकिन जनता के बीच इस धारणा को खारिज करना उनके लिए एक परीक्षा जैसा होगा। इसके साथ ही राज्य के सरकारी कर्मचारियों में असंतोष की लहर है। पुरानी पेंशन योजना को लागू करने और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने जैसे वादे पूरी तरह धरातल पर न उतरने के कारण कर्मचारी संगठन सड़क पर हैं।पंजाब की राजनीति में नशा सबसे संवेदनशील और दर्दनाक मुद्दा रहा है। 2022 के चुनाव प्रचार के दौरान भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने एक साल के भीतर पंजाब से नशा पूरी तरह खत्म करने की गारंटी दी थी। पांच साल बीत जाने के बाद भी यह समस्या राज्य में गंभीर बनी हुई है।मान अब कह रहे हैं कि यह एक गहरी सामाजिक समस्या है जिसे रातों-रात खत्म नहीं किया जा सकता।

(एक नजर)

2027 में लगेगा दुर्लभ सूर्य ग्रहण

ज्योतिषियों के अनुसार, 2 अगस्त 2027 को दुर्लभ पूर्ण सूर्य ग्रहण लगेगा। इस दौरान दुनिया के कुछ हिस्सों में दिन के उजाले के बीच अंधेरा छा जाएगा। बता दें चंद्रमा जब सूर्य को पूरी तरह ढक लेगा, तो आसमान का नजारा अचानक बदल जाएगा। इस ग्रहण की अधिकतम अवधि 6 मिनट 23 सेकंड तक हो सकती है। इतनी लंबी अवधि के कारण यह घटना बेहद खास मानी जा रही है। ज्योतिषियों की मानें तो 1991 के बाद यह सबसे लंबी अवधि के पूर्ण सूर्य ग्रहणों में से एक होगा। तो चलिए जानते हैं भारत में यह ग्रहण कहां दिखाई देगा और किन देशों में पूर्ण सूर्य ग्रहण का नजारा देखने को मिलेगा।2 अगस्त 2027 को लगने वाले सूर्य ग्रहण का नजारा यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में देखने को मिलेगा। इसका मुख्य मार्ग दक्षिणी स्पेन और जिब्राल्टर से गुजरते हुए उत्तरी अफ्रीका तक पहुंचेगा। इसके बाद चंद्रमा की छाया मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों की ओर बढ़ेगी। इस दौरान चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह ढक लेगा।

विचार

सिनेमा और समाज सेवा का अनूठा संगम थे नाना पाटेकर

महेन्द्र तिवारी

लेखक

नाना पाटेकर का जन्म महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड जंजीरा में हुआ था। उनका बचपन बेहद संघर्षपूर्ण और अभावों में बीता था। उन्होंने अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही जीवन की कठोर वास्तविकताओं का सामना किया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने छोटी उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। एक समय ऐसा भी था जब वे सड़कों पर पैदल यात्रियों के सड़क पार करने के लिए सफेद पट्टियां रंगने का काम करते थे और उसी से अपनी आजीविका चलाते थे। यह उनके जीवट और अथक परिश्रम का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी परिस्थितियों के सामने घुटने नहीं टेके।

नाना पाटेकर का जन्म महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड जंजीरा में हुआ था। उनका बचपन बेहद संघर्षपूर्ण और अभावों में बीता था। उन्होंने अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही जीवन की कठोर वास्तविकताओं का सामना किया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने छोटी उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। एक समय ऐसा भी था जब वे सड़कों पर पैदल यात्रियों के सड़क पार करने के लिए सफेद पट्टियां रंगने का काम करते थे और उसी से अपनी आजीविका चलाते थे। यह उनके जीवट और अथक परिश्रम का ही परिणाम था कि नाना पाटेकर का जन्म महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड जंजीरा में हुआ था। उनका बचपन बेहद संघर्षपूर्ण और अभावों में बीता था। उन्होंने अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही जीवन की कठोर वास्तविकताओं का सामना किया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने छोटी उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। भारतीय कला जगत ने 8 अक्टूबर 2026 को अपना एक ऐसा अनमोल रत्न खो दिया जिसकी भरपाई करना शायद आने वाले कई दशकों तक संभव नहीं होगा। प्रख्यात अभिनेता नाना पाटेकर का 75 वर्ष की आयु में अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। यह दुखद समाचार दावानल की तरह पूरे देश में फैल गया और हर कोई स्तब्ध रह गया। नाना केवल एक साधारण अभिनेता नहीं थे, बल्कि वे एक ऐसी बुलंद आवाज थे जो पर्दे पर आम इंसान की पीड़ा, उसके क्रोध और उसकी लाचारी को बेहद जीवंत रूप में प्रस्तुत करते थे। उनका जाना केवल कला जगत की ही क्षति नहीं है, बल्कि समाज के उस शोषित और वंचित वर्ग की भी बहुत बड़ी क्षति है, जिसके लिए वे हमेशा एक मसीहा बनकर खड़े रहे। उनके निधन से कला, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में जो गहरा सन्नाटा पसरा है, उसे शब्दों में बांधना बेहद कठिन है।

नाना पाटेकर का जन्म महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड जंजीरा में हुआ था। उनका बचपन बेहद संघर्षपूर्ण और अभावों में बीता था। उन्होंने अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही जीवन की कठोर वास्तविकताओं का सामना किया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने छोटी उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। एक समय ऐसा भी था जब वे सड़कों पर पैदल यात्रियों के सड़क पार करने के लिए सफेद पट्टियां रंगने का काम करते थे और उसी से अपनी आजीविका चलाते थे। यह उनके जीवट और अथक परिश्रम का ही परिणाम था कि



उन्होंने कभी परिस्थितियों के सामने घुटने नहीं टेके। इस कठोर संघर्ष ने उन्हें जीवन की उन गहराइयों से परिचित कराया, जो बाद में उनके अभिनय में स्पष्ट रूप से दिखाई देती थीं। उनके भीतर का कलाकार इसी भट्टी में तपकर कुंदन बना था। नाटकों और रंगमंच के प्रति उनका आकर्षण उन्हें धीरे-धीरे अभिनय की दुनिया की ओर ले गया, जहां उन्होंने अपनी एक अलग और अमिट पहचान बनाई।

रंगमंच से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले नाना पाटेकर ने जब रूपहले पर्दे पर कदम रखा, तो उन्होंने नायक की उस पारंपरिक छवि को पूरी तरह से तोड़ दिया जो उस समय तक सिनेमा में स्थापित थी। उनकी आंखें बोलती थीं और उनकी आवाज में वह कशिश थी जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखती थी। उनका संवाद अदायगी का तरीका इतना स्वाभाविक और तेज होता था कि सामने बैठा दर्शक खुद को उस दृश्य का हिस्सा समझने लगता था। उन्होंने क्रांतिवीर, परिंदा, तिरंगा, खामोशी, प्रहार और नटसम्राट जैसी तमाम बेहतरीन रचनाओं में अपने अभिनय का जो उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वह अभिनय की पाठशाला में हमेशा एक मानक के रूप में पढ़ाया जाएगा। चाहे वह एक भ्रष्ट व्यवस्था से लड़ने वाला आम नागरिक हो, एक सख्त सैन्य अधिकारी हो या फिर एक गूंगे बहरे दंपति का संवेदनशील पिता, हर भूमिका में उन्होंने अपने प्राण फूंक दिए। उनके द्वारा बोले गए संवाद आज भी लोगों की जुबान पर हैं और वे मात्र संवाद न होकर समाज की कुरीतियों पर एक गहरा कटाक्ष प्रतीत होते हैं।नाना पाटेकर की एक और बहुत बड़ी विशेषता यह थी कि वे अपनी मातृभाषा मराठी और हिंदी, दोनों ही भाषाओं पर समान अधिकार रखते थे।

विचार

भारतीय प्रतिभा का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा,

-नीरज कुमार दुबे

लेखक

अमेरिका में भारतीय प्रतिभा का लोहा मानने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अब उसी प्रतिभा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिसने अमेरिकी तकनीकी उद्योग को वैश्विक ताकत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। एक तरफ ट्रंप भारतीय मूल के माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला की तारीफ करते हैं, तो दूसरी तरफ उपराष्ट्रपति जेडी वांस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो और कॉग्निजेंट समेत आठ प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों को ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया से जुड़े कार्यक्रम से निलंबित कर देता है। इस फैसले से हजारों भारतीय आईटी पेशेवरों के भविष्य और अमेरिका में स्थायी निवास पाने की उम्मीदों पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।

अमेरिका में भारतीय प्रतिभा का लोहा मानने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अब उसी प्रतिभा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिसने अमेरिकी तकनीकी उद्योग को वैश्विक ताकत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। एक तरफ ट्रंप भारतीय मूल के माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला की तारीफ करते हैं, तो दूसरी तरफ उपराष्ट्रपति जेडी वांस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो और कॉग्निजेंट समेत आठ प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों को ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया से जुड़े कार्यक्रम से निलंबित कर देता है। इस फैसले से हजारों भारतीय आईटी पेशेवरों के भविष्य और अमेरिका में स्थायी निवास पाने की उम्मीदों पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।

अब सवाल उठता है कि आखिर क्या और इस पर रोक से भारतीयों को कितना नुकसान होगा? हम आपको बता दें कि यानीरोजगार आधारित ग्रीन कार्ड हासिल करने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है।

अमेरिका में भारतीय प्रतिभा का लोहा मानने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अब उसी प्रतिभा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिसने अमेरिकी तकनीकी उद्योग को वैश्विक ताकत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। एक तरफ ट्रंप भारतीय मूल के माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला की तारीफ करते हैं, तो दूसरी तरफ उपराष्ट्रपति जेडी वांस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो और कॉग्निजेंट समेत आठ प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों को ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया से जुड़े कार्यक्रम से निलंबित कर देता है। इस फैसले से हजारों भारतीय आईटी पेशेवरों के भविष्य और अमेरिका में स्थायी निवास पाने की उम्मीदों पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।

हालांकि, भारत सरकार ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया में स्पष्ट किया है कि PERM कार्यक्रम और एच-1बी वीजा अलग-अलग व्यवस्थाएं हैं तथा PERM आवेदनों पर रोक लगने से मौजूदा एच-1बी वीजा या उनके धारकों और आश्रितों की स्थिति अपने आप प्रभावित नहीं होती, भले ही पात्र कर्मचारियों की ग्रीन कार्ड प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। विदेश मंत्रालय ने यह भी दोटूक कहा है कि प्रतिभाओं की आवाजाही भारत और अमेरिका, दोनों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए फायदेमंद है। इससे अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवर, नवाचार, अनुसंधान, उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और रोजगार सृजन में मदद मिलती है। मंत्रालय ने वांस की उन टिप्पणियों पर भी आपत्ति जताई है, जिनमें विदेशी कर्मचारियों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।भारत ने कहा कि अमेरिका में भारतीय पेशेवर उच्च शिक्षित और कुशल योगदानकर्ता हैं तथा उन्हें औपनिवेशिक इतिहास की पीड़ादायक याद दिलाने वाली भाषा से संबोधित करना गहरे तौर पर आपत्तिजनक है। देखा जाये तो भारत का यह बयान महज औपचारिक कूटनीतिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि वाशिंगटन के लिए स्पष्ट संदेश है कि भारतीय प्रतिभा को अपमानित करके और उसके अवसर सीमित करके दोनों देशों की साझा महत्वाकांक्षाओं को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। अब बड़ा सवाल यह है कि ट्रंप प्रशासन का यह कदम अमेरिकी रोजगार की सुरक्षा तक सीमित है या इसके पीछे चुनावी राजनीति, भारत पर आर्थिक दबाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंधों के समीकरण भी काम कर रहे हैं?उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति जेडी वांस, श्रम सचिव कीथ सॉन्डरलिंग और अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने अमेरिकी एंटी-फ्रॉड टास्क फोर्स पहल के तहत आठ प्रौद्योगिकी कंपनियों को क्षत्रारूकार्यक्रम से निलंबित करने की घोषणा की। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी, टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कॉग्निजेंट और कैपजेमिनी शामिल हैं। प्रशासन का आरोप है कि कुछ कंपनियों ने विदेशी कर्मचारियों की भर्ती के लिए ऐसी व्यवस्था का इस्तेमाल किया, जिससे अमेरिकी कामगारों के रोजगार और वेतन पर प्रतिकूल असर पड़ा।अब सवाल उठता है कि आखिर PERM है क्या और इस पर रोक से भारतीयों को कितना नुकसान होगा? हम आपको बता दें कि PERM यानी Permanent Labor Certification रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड हासिल करने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है। सामान्यतः नियोक्ता को अमेरिकी श्रम विभाग से प्रमाणित कराना होता है कि संबंधित पद के लिए पर्याप्त इच्छुक और योग्य अमेरिकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं और विदेशी कर्मचारी की नियुक्ति से अमेरिकी कर्मचारियों के वेतन तथा कामकाजी परिस्थितियों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।



इसके बाद ही नियोक्ता विदेशी कर्मचारी के रोजगार आधारित स्थायी निवास की प्रक्रिया आगे बढ़ा सकता है।इस कार्यक्रम से आठ कंपनियों को बाहर करने का मतलब यह है कि वे नई PERM अर्जियां दाखिल नहीं कर पाएंगी और उनकी लंबित अर्जियों पर भी प्रक्रिया रुक जाएगी। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि इन कंपनियों में काम कर रहे सभी भारतीयों के एच-1बी वीजा रद्द हो गए हैं या उन्हें तत्काल अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। असली खतरा उन कर्मचारियों के लिए है जो छह साल की सामान्य एच-1बी अवधि के करीब पहुंच रहे हैं और अमेरिका में लंबे समय तक बने रहने के लिए ग्रीन कार्ड प्रक्रिया पर निर्भर हैं। कुछ परिस्थितियों में ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया के निर्धारित चरण पूरे होने पर एच-1बी अवधि बढ़ाई जा सकती है। PERM प्रक्रिया रुकने से ऐसे कर्मचारियों के लिए भविष्य की योजना बनाना कहीं अधिक मुश्किल हो सकता है। देखा जाये तो अमेरिकी प्रशासन की इस कार्रवाई ने भारतीय आईटी उद्योग से लेकर अमेरिका में पढ़ाई और नौकरी करने का सपना देखने वाले युवाओं तक अनिश्चितता बढ़ा दी है।जेडी वांस ने माइक्रोसॉफ्ट पर सबसे तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि कंपनी ने 2025 में करीब 6,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, लेकिन साथ ही 6,000 से अधिक एच-1बी PERM आवेदन भी दाखिल किए।

विचार

एलन मस्क के बयान से उठते गंभीर सवाल- भारत की संप्रभुता और सुरक्षा सर्वोपरि

- संतोष कुमार पाठक

लेखक

भारत के अंदर, हर भारतीय को यह स्वतंत्रता है कि वो अपनी सरकार से सवाल पूछ सके, अपनी सरकार पर सवाल उठा सके लेकिन क्या हम यही स्वतंत्रता किसी विदेशी कारोबारी को दे सकते हैं? कतई नहीं, भारत का असली बॉस कौन है, यह तय करने और बताने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ भारतीयों के पास ही रहना चाहिए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और दुनिया के मशहूर उद्योगपति एलन मस्क के एक बयान (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया गया पोस्ट) ने भारत में कई तरह के गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसका जवाब तलाशना और पूरी गंभीरता से देना बहुत जरूरी हो गया है।

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि उदारीकरण और भूमंडलीकरण के इस दौर में प्राइवेट कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा होनी ही चाहिए ताकि लोगों को फायदा भी हो और उनके पास चुनने का विकल्प भी हो। इसी तर्क का



हवाला देकर भारत के अंदर भी कई लोग एलन मस्क की पीड़ा को सही बताते हुए सरकार को नसीहतें दे रहे हैं। लेकिन भारत की संप्रभुता और वैश्विक कंपनियों को भारत में कारोबार करने की इजाज़त देने के बीच में एक बहुत ही हल्की सी रेखा आती है, जिसे पार करते ही कई तरह की समस्याएं खड़ी हो सकती है।भारत के अंदर, हर भारतीय को यह स्वतंत्रता है कि वो अपनी सरकार से सवाल पूछ सके, अपनी सरकार पर सवाल उठा सके लेकिन क्या हम यही स्वतंत्रता किसी विदेशी कारोबारी को दे सकते हैं? कतई नहीं, भारत का असली बॉस कौन है, यह तय करने और बताने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ भारतीयों के पास ही रहना चाहिए।एलन मस्क ने 8 अक्टूबर को अपने ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ÷ स्टारलिंक को 165 से ज़्यादा देशों में लाइसेंस मिला हुआ है और कंपनी भारत सरकार के हर नियम और ज़रूरत को पूरा करने में पांच साल से काम कर रही है, फिर भी लाइसेंस क्यों नहीं मिला? क्या अंबानी ही भारत के असली बॉस हैं?÷ जिस अंदाज में और जितनी तेजी से राहुल गांधी ने इस पर कमेंट किया, उसे लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मस्क के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए राहुल ने लिखा, ÷ भारत में आपका स्वागत है, एलन। दूसरे शख्स के मिलने तक इंतजार कीजिए।÷ राहुल गांधी के जवाब से गदगद मस्क ने तुरंत जवाब देते हुए लिखा, ÷धन्यवाद राहुल, यह वाकई परेशान करने वाला है।

यहां यह याद रखना भी बहुत जरूरी है कि मस्क पहले भी आरोप लगा चुके हैं कि भारत में इस सेक्टर से जुड़े बड़े कारोबारी स्टारलिंक की एंट्री भारत के बाज़ार में रोककर अपना दबदबा बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन इस बार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जवाब देने के कारण, मामला बहुत गंभीर हो गया है। पिछले कई दिनों से राहुल, देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं और यह बात स्पष्ट तौर पर नज़र आ रही है केंद्र में सत्तारूढ़ सरकार और विपक्षी दल खासकर राहुल के साथ संवादहीनता की स्थिति आ गई है, जिसे कतई सही नहीं माना जा सकता है। इतने गंभीर मसले पर राहुल की इतनी तेजी से की गई टिप्पणी को कतई जायज नहीं ठहराया जा सकता है। यहां साफ-साफ नजर आ रहा है कि राहुल ने एक बड़ी गलती कर दी है,जिसका जवाब अब उन्हें लगातार देते रहना पड़ेगा।भारत सरकार ने गुरुवार, 8 अक्टूबर को ही मस्क के आरोपों को खारिज करते हुए यह साफ कर दिया कि, देश में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सर्विसेज के लिए तय नियम सभी के लिए एक जैसे हैं। फिलहाल, तीनों कंपनियों के लिए सुरक्षा समीक्षा की प्रोसेस चल रही है। जैसे ही किसी कंपनी की सुरक्षा जांच पूरी हो जाएगी, वह अगली स्टेप यानी स्पेक्ट्रम आवंटन की मांग करने के लिए आगे बढ़ सकती है। सरकार ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि, यह कहना बिल्कुल गलत है कि नियमों को किसी के साथ भेदभाव करने के लिए लागू किया जा रहा है। मस्क के अलावा एयरटेल के मालिक सुनील भारती मित्तल की कंपनी यूटेलसैट वनवेब और मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो भी लाइसेंस लेने की होड़ में है।एलन मस्क के आरोप अपनी जगह है लेकिन भारत की कोई भी सरकार देश की सुरक्षा और संप्रभुता से किसी तरह का समझौता नहीं कर सकती है। इस मामले में भारत के महत्वपूर्ण और बड़े राजनीतिक दलों को एक ही पेज पर होना चाहिए। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह संसद के प्रमुख दलों को इससे जुड़े तथ्यों से अवगत कराएं। सरकार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी मित्र एलन मस्क को भी दो टूक शब्दों में यह बता देना 3 भारत की सरकार पर कोई दबाव नहीं डाला जा सकता है।

इन आंकड़ों को प्रस्तुत करने से तात्पर्य है कि खाद्यान्न में यह वृद्धि से अधिक रही है जो कि संतोषजनक स्थिति है और अभी तो भोजन पेट भर मिल रहा है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या 2025 में हमें पेट भर भोजन प्राप्त होगा? अगर नहीं तो हम आगे क्या करेंगे?

टिकाऊ खेती आज की आवश्यकता







जनसंख्या एवं खाद्यान्न उत्पादन

भारत की जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार 102.7 करोड़ को छू चुकी है जो 1991-2000 तक 1.9 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि में रही, जबकि खाद्यान्न उत्पादन 2003-04 में 213.5 मिलियन टन तक पहुंचा अर्थात् 2.1 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से.

इन आंकड़ों को प्रस्तुत करने से तात्पर्य है कि खाद्यान्न में यह वृद्धि से अधिक रही है जो कि संतोषजनक स्थिति है और अभी तो भोजन पेट भर मिल रहा है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या 2025 में हमें पेट भर भोजन प्राप्त होगा? अगर नहीं तो हम आगे क्या करेंगे?

हमें आगे भी 21वीं सदी के बाद से खाद्यान्न में लगभग 25-30 प्रतिशत की वृद्धि कायम रखनी होगी अन्यथा पूरा देश हमारा सूखा घोषित हो जायेगा जिससे की लगभग 14 प्रतिशत उत्पादन में गिरावट होगी जो भविष्य के लिए प्रगति के उत्तम संकेत नहीं हैं.

भूमि-जल पर्यावरण

खेती में उर्वरकों, कीटनाशकों शाकनाशियों अर्थात् रसायनों के अत्यधिक प्रयोग में भूमि की दशा निश्चय ही खराब हुई है. जिससे की भूमि के लाभदायक कीट, केंचुए, जीवाणु इत्यादि नष्ट हुए हैं, साथ ही साथ सूक्ष्म तत्वों में भी भारी कमी हुई. अतः जीवांश खादों के प्रयोग से हम रोक सकते हैं फसल चक्र अपना सकते हैं उर्वरकों का संतुलित प्रयोग कर सकते हैं कई जंगल भी नष्ट किये गये सघन पद्धतियों के प्रयोग के कारण जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है अर्थात् इसका दोहन कम किया जाए एवं इन्हें संरक्षित किया जाने का प्रयास करना नितांत आवश्यक है.

लाभ/खर्च अनुपात

हमारी बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए खाद्यान्न की उपलब्धि बनाये रखने के लिए सस्य रसायनों का प्रयोग निरंतर बढ़ता ही जा रहा है. जिससे की हमारी भूमि में मृदा में तथा मृदा के गुणों पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है. यदि यह प्रक्रिया लंबी अवधि तक चलती रही तो भूमि एवं जल की उपादेयता समाप्त हो जायेगी और नई पीढ़ी का जीवन ही असुरक्षित हो जायेगा वर्तमान में हमारे देश की जनसंख्या दिनों-दिन बढ़ रही है और कृषि क्षेत्र बराबर कम होता जा रहा है. ऐसी परिस्थिति में हम टिकाऊ खेती का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है तथा जिसके अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों का इसका इस प्रकार से प्रयोग किया जाए कि वर्तमान व भविष्य दोनों में संतुलन हो. इस प्रकार की खेती का प्रयोग करके हम अपने भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित तो कर रही है बल्कि हमें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा एवं सुरक्षा करके या उन्हें सुरक्षित बनाये रखने का कर्त्तव्य भी पूरी तरह निभा रहे हैं. अर्थात् हमें टिकाऊ खेती का प्रयोग किया जाना चाहिए. जिसके द्वारा हमें आर्थिक लाभ एवं भारत सरकार को पूर्णतः उत्पादन से लाभ प्राप्त हो सके.

कृषि क्षेत्र में सम्पन्नता लाने के लिए उत्पादकता टिकाऊपन तथा समानता की बहुत जरूरत है हमें भारत में भी बदलते पर्यावरण में कृषि निर्वाह की प्राथमिकता देनी अनिवार्य आवश्यकता है. इसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में हम आर्थिक दृष्टि से कारगर, पर्यावरण की दृष्टि त्रुटीहीन सामयिक दृष्टि से सुसंगत प्रौद्योगिकी जो कम लागत पर अधिक से अधिक कृषि उत्पाद दे सकें.

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि टिकाऊ खेती मानव जाति को निरंतर खुशहाली प्रदान का वचन देती है.

टिकाऊ खेती का महत्व

टिकाऊ खेती का महत्व सबसे अधिक वर्तमान खेती की प्रणालियों, तरीकों एवं समस्याओं को सुधारने में है. टिकाऊ खेती मुख्य रूप से प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं मृदा, जल, ऊर्जा, वन-विकास एवं जंगली पशुओं की सुरक्षा या इन्हें सुरक्षित रखने से है. टिकाऊ खेती में इनके प्रबंधन पर विशेष प्रकार से ध्यान दिया जाता है. कई प्रकार की उत्पन्न समस्याओं जैसे- सौर ऊर्जा का उचित प्रयोग, वातावरण प्रदूषण की रोकथाम पर्यावरण का संतुलन डगमगाना इत्यादि समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देना ही इसमें निम्न विषय है अर्थात् भविष्य में टिकाऊ खेती के माध्यम से इन समस्याओं को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है.

टिकाऊ खेती का लाभः

- पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाये रखने में टिकाऊ खेती का प्रमुख कार्य है.
- वातावरणीय प्रदूषण कम होता है.
- लगाई फसलों की उत्पादन लागत कम आती है.
- प्राकृतिक संसाधनों का दोहन उचित प्रकार से करते हैं.

धनिया की उन्नत खेती

धनिया हमारे दैनिक उपयोग के मसालों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है जो पूरे वर्ष सम्पूर्ण देश में उगाया जाता है इसलिए पूरे वर्ष आय का साधन हो सकता है, हरी पत्तियां सब्जियों में उपयोग की जाती हैं। धनिया में मधुर सुगंध कोरोमिन्डाल, लिनाकोल, एल्कोहल पदार्थ उपस्थिति के कारण होता है। सूखे धनिया के बीजों को रबी में बोया जाता है। मध्यप्रदेश का 70 प्रतिशत धनिया गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, दतिया जिले में उगाया जाता है इसके अलावा शाजापुर, मंदसौर, राजगढ़ जिलों में भी बोया जाता है। अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उपज के लिये उन्नत तकनीक अपनाना आवश्यक है।





भूमि

असिंचित धनिया के लिये काली मिट्टी जिसकी जलधारण क्षमता एवं जल निकास वाली अच्छी भूमि हो और सिंचित धनिया बोने के लिए दोमट एवं बलुई दोमट मिट्टी सर्वोत्तम होती है जिसमें जीवांश की मात्रा पर्याप्त हो।

खेत की तैयारी

असिंचित क्षेत्र में अंतिम वर्षा जल की नमी को संरक्षित करते हुए 2-3 जुताई कर यथाशीघ्र बुवाई करें तथा सिंचित खेत में खरीफ फसल की कटाई के बाद 2-3 जुताई करें।

बीज की मात्रा एवं बुवाई विधि

सिंचित अवस्था में बीज दर 12-15 किलो ग्राम तथा असिंचित अवस्था में 25-30 किलोग्राम प्रति हेक्टर बीज की आवश्यकता होती है। जिसे बुवाई पूर्व बीज को 24 घंटे पानी में भिगो कर रखें जिससे अंकुरण शीघ्र और अच्छा होता है। इसके बाद थाइरम या डाइथेम -एम 45 की 3 ग्राम दवा से प्रति किलो बीज उपचारित कर बोयें। बुवाई कतारों में की जाती है जिसमें कतार से कतार की दूरी 25-30 सेमी, पौधे से पौधे की दूरी 5-7 सेमी रखें और बीज को 3-5 सेमी गहराई पर बुवाई करें।

बुवाई का समय

रबी में बुवाई के लिये 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक उपयुक्त समय है। देरी बुवाई करने पर भभूतिया रोग की संभावना बढ़ जाती है।

उन्नत जातियां

साधना,पंत हरितिमा, गुजरात धनिया, सिंधु,स्वाति, उदयपुर धनियां-20

खाद एवं उर्वरक प्रबंधन

खेत की तैयारी के समय 15-20 टन अच्छी सड़ी हुई गोबर खाद खेत में मिला दें। सिंचित अवस्था में प्रति हेक्टर 60 किलोग्राम नत्रजन, 40 किलोग्राम फास्फोरस एवं 30 किलोग्राम पोटाश पर्याप्त होता है। जिसमें नत्रजन की आधी मात्रा फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा आधार खाद के रूप में बुवाई के समय बीज के नीचे ऊर कर दें तथा शेष नत्रजन की मात्रा प्रथम एवं द्वितीय सिंचाई के समय दें उस समय खेत में पर्याप्त नमी होना आवश्यक है।

निंदाई एवं गुड़ाई

धनिये की फसल में प्रथम निराई गुड़ाई बुवाई के 25-30 दिन पर करना चाहिये जिसमें जहां अधिक पौधे उगे हों वहां से पौधे उखाड़ दें।

सिंचाई

अच्छी पैदावार के लिये फसल की क्रान्तिक अवस्थायें - जैसे शाखायें फूटते समय, फूल आते समय, बीज बनते समय खेत में पर्याप्त नमी होना चाहिए। सिंचाई 10-15 दिन के अंतराल पर करें जो मिट्टी की किस्म और मौसम पर निर्भर करता है।

फसल उत्पादन

धनिया की फसल बीज के लिये 140-150 दिन में तैयार हो जाती है। बीज के रूप में 15 से 20 क्विं. प्रति हेक्टर उत्पादन प्राप्त होता है। पत्तियों के रूप में बोने के 45 दिन पश्चात से पत्तियों की कटाई कर विक्रय किया जा सकता है।

धनिया कटाई के बाद प्रबंधन

- फसल अवधि पूर्ण होने के पश्चात जब दाने परिपक्व हो जाये एवं दाने हरे रहें तब उसे काटकर छायादार स्थान में सुखाना चाहिए। दाने हरे रंग के रहने से बाजार में अधिक कीमत मिलती



न्यूज इन शॉर्ट



हितग्राही सुकमतिया बैगा के जीवन में महतारी वंदन योजना बनी सहारा

गौरेला पेंड्रा मरवाही छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता महिलाओं को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने में मदद कर रही है। गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत धनौली के ढाढ़ीपारा में निवासरत महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती सुकमतिया बैगा को योजना की 32वीं किस्त की राशि प्राप्त हो गई है। इस राशि से उन्हें अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिल रही है। वे प्राप्त राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए कॉपी, पेन एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री खरीदने में करती हैं। इसके साथ ही यह राशि घर के दैनिक खर्चों को पूरा करने में भी उपयोगी साबित हो रही है।

सुकमतिया बैगा के लिए महतारी वंदन योजना केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में सहयोग देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना से मिलने वाली राशि से उन्हें परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में संबल मिल रहा है। इसके साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन का लाभ भी प्राप्त हुआ है, जिससे रसोई के कार्यों में सुविधा मिली है। शासन की इन जनकल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। सुकमतिया बैगा ने महतारी वंदन योजना की राशि एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

गरियाबंद। विशेष अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी देना तथा उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर राजिम के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री विशाल महाराणा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया और मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। जागरूक मतदाता ही अपने विवेक से सही प्रतिनिधि का चयन कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को समझें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म-6 भरा जाता है। पात्र युवा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आवेदन भरते समय आवश्यक जानकारी और दस्तावेज सही तरीके से उपलब्ध कराने के संबंध में भी जानकारी दी। जिले के अंतर्गत विशेष अभियान के तहत सभी महाविद्यालयों में पात्र मतदाताओं का फॉर्म-6 भरवाया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इस अभियान के माध्यम से युवाओं में मतदाता जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उनकी भागीदारी सुनिश्चित

सरकारी अस्पताल पर बढ़ा भरोसा- जीवनदीप समिति के सदस्यों के परिवारों में गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

मनेंद्रगढ़ के सरकारी अस्पताल में प्रियंका की सामान्य डिलीवरी,दीक्षा का सफल सिजेरियन

महेंद्र शुक्ला ➤ एमसीबी

मनेंद्रगढ़। सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, कुशल चिकित्सा सेवाओं और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार का सकारात्मक असर अब लोगों के भरोसे में दिखाई देने लगा है। मनेंद्रगढ़ स्थित 220 बिस्तर सिविल अस्पताल में जीवनदीप समिति के सदस्यों के परिवारों में दो नवजात के जन्म से खुशियों का माहौल है। समिति के सदस्य रामधुन जायसवाल की पुत्री प्रियंका जायसवाल की सामान्य प्रसव से डिलीवरी हुई, जबकि समिति के सदस्य जयंती लाल यादव की पुत्री दीक्षा का सफल सिजेरियन



ऑपरेशन से किया गया। दोनों प्रसूताएं और उनकी नवजात स्वस्थ हैं।

इन दोनों मामलों ने अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था और यहां उपलब्ध प्रसव सुविधाओं के प्रति विश्वास को रेखांकित किया है। विशेष बात यह है कि जिन परिवारों के सदस्य स्वयं अस्पताल की व्यवस्थाओं और सेवाओं से जुड़े हैं, उन्होंने भी प्रसव के लिए इसी शासकीय अस्पताल पर भरोसा जताया। यह सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ते विश्वास का सकारात्मक संकेत है।

सामान्य प्रसव से लेकर सिजेरियन तक, अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं का लाभ

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रियंका जायसवाल का प्रसव सामान्य तरीके से कराया गया, जबकि दीक्षा की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकीय देखरेख में सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। दोनों मामलों में प्रसव सकुशल संपन्न हुआ और जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं।

सामान्य प्रसव और आवश्यकता पड़ने पर सिजेरियन जैसी सेवाएं किसी भी शासकीय अस्पताल की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। मनेंद्रगढ़ के 220 बिस्तर सिविल अस्पताल में इन दोनों प्रसवों का सफलतापूर्वक संपन्न होना अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं और स्वास्थ्यकर्मियों के समन्वित प्रयासों को सामने लाता है।

अस्पताल प्रबंधन की कार्यकुशलता और चिकित्सकीय समन्वय की अहम भूमिका

अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, चिकित्सा सेवाओं के समुचित संचालन तथा स्वास्थ्यकर्मियों के बीच समन्वय बनाए रखने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनाश खरे और अस्पताल अधीक्षक डॉ स्वप्निल तिवारी के सयुक्त समन्वय ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखा है। स्वास्थ्य सेवाओं कीको बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

मतदाता सूची के पुनर्सत्यापन एवं नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान



कलेक्टर ने बीएलअ को गंभीरता और प्राथमिकता से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, घर-घर जाकर होगा मतदाताओं का सत्यापन

एक सत बुलेटिन ➤ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विभिन्न कारणों से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए मतदाताओं के पुनर्सत्यापन एवं नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में आज एकीकृत आदिवासी विकास विभाग के परियोजना कार्यालय गौरेला के सभाकक्ष में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने सभी बीएलओ को विशेष अभियान के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गंभीरता, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण कार्य है। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर जाकर सत्यापन करें। उन्होंने विभिन्न कारणों से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए नागरिकों की पहचान कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि पुनर्सत्यापन एवं पंजीयन के दौरान प्राप्त आवेदनों की जानकारी का व्यवस्थित संधारण करें तथा निर्धारित प्रारूप में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा संबंधित विभागों एवं शैक्षणिक संस्थानों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक इसकी जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री अम्बूज मिश्रा एवं श्री अनिल वर्मा ने विशेष अभियान की कार्ययोजना एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भावी युवा मतदाता जो 1 जनवरी 2027 को 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जाना है। इसके लिए आवेदकों के नाम, जन्मतिथि एवं निवास के पते से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टि एवं दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि विशेष अभियान के दौरान बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची से छूटे हुए नागरिकों का पुनर्सत्यापन करेंगे। साथ ही पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के पंजीयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे। अभियान के तहत मतदान केंद्र स्तर पर प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

खड़गवां में उप-पंजीयक कार्यालय को मिली स्वीकृति, चिरमिरी सहित 60 गांवों के लोगों को मिलेगी नजदीक रजिस्ट्री की सुविधा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का जताया आभार

महेंद्र शुक्ला ➤ मनेन्द्रगढ़

खड़गवां और चिरमिरी क्षेत्र के लोगों को जमीन की रजिस्ट्री के लिए अब दूर तक सफर करने से राहत मिलेगी। राज्य शासन ने खड़गवां में नवीन उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना की अधिसूचना जारी कर दी है। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र में खड़गवां तहसील के 44 और चिरमिरी तहसील के 16 सहित कुल 60 गांव शामिल किए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार कार्यालय की स्थापना 1 दिसंबर 2026 से प्रभावी होगी।स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी, खड़गवां और समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव



साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, खड़गवां में उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना से क्षेत्रवासियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। जमीन की रजिस्ट्री के लिए उन्हें अब ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा और अपने क्षेत्र में ही पंजीयन की सुविधा मिल सकेगी। इससे लोगों के समय और आने-जाने के खर्च की बचत होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रशासनिक सुविधाओं को जनता के नजदीक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।नया कार्यालय शुरू होने से इन गांवों के लोगों को जमीन और अन्य अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए मनेन्द्रगढ़ स्थित उप-पंजीयक कार्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। किसानों, ग्रामीणों और संपत्ति की खरीद-बिक्री करने वाले नागरिकों को नजदीक ही रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध होगी।नवीन कार्यालय के कार्यक्षेत्र में खड़गवां, देवाडांड, रतनपुर, छोटे कलुआ, धनपुर, पेंडरी सहित खड़गवां तहसील के गांव तथा चिरमिरी, उधनापुर, आमाडांड, भुकभुकी और अन्य संबंधित गांव शामिल हैं। इन गांवों को मनेन्द्रगढ़ उप-पंजीयक कार्यालय के कार्यक्षेत्र से अलग कर नवीन खड़गवां पंजीयन उप-जिले में शामिल किया गया है।क्षेत्रवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का धन्यवाद व्यक्त किया है। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में उप-पंजीयक कार्यालय की सुविधा मिलने से जमीन की रजाने की परेशानी कम होगी।

मिशन शक्ति हब द्वारा बस्ती बगरा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

एक सत बुलेटिन ➤ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्ती बगरा में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग से संबद्ध मिशन शक्ति हब की टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उनमें सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और भावनात्मक सशक्तिकरण की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की मयंका सिंह ने छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव, चिंता एवं भावनात्मक समस्याओं की पहचान, उनसे निपटने के सकारात्मक उपाय तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि जीवन में तनाव अथवा मानसिक परेशानी महसूस होना असामान्य नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में अपनी भावनाओं को दबाने के बजाय माता-पिता,



शिक्षकों, विश्वसनीय व्यक्तियों अथवा विशेषज्ञों से खुलकर बातचीत करनी चाहिए। समय पर उचित सलाह और सहयोग प्राप्त करने से मानसिक परेशानियों का समाधान करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों एवं संकोच को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने, जरूरतमंद साथियों की सहायता करने तथा विद्यालय में सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ÷मानसिक स्वास्थ्य पर बात करें, सहयोग का हाथ बढ़ाएं÷ का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वस्थ मन, सकारात्मक विचार और आत्मविश्वास ही सफल एवं खुशहाल जीवन की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। यह जागरूकता पहल विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उन्हें भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

करीब 500 कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में निकली मशाल यात्रा, मार्ग में उमड़ा जनसैलाब;

मशालों की रोशनी में गरजा मनेंद्रगढ़, लोकतंत्र बचाने सड़कों पर उतरी कांग्रेस

भगत सिंह तिराहा पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन

एक सत बुलेटिन ➤ मनेंद्रगढ़

जिला कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के तत्वावधान में ÷लोकतंत्र बचाओ अभियान÷ के तहत मनेंद्रगढ़ शहर में निकाली गई विशाल मशाल यात्रा में कांग्रेस ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। करीब 500 कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हाथों में मशाल लेकर सड़कों पर उतरे। मशालों की रोशनी और लोकतंत्र- संविधान की रक्षा के नारों से शहर का माहौल गूंज उठा।



जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से प्रारंभ हुई मशाल यात्रा खेड़िया टॉकीज चौक, जे के डी रोड, साईं बाबा तिराहा, फव्वारा चौक, जैन मंदिर चौक एवं मुख्य बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, मार्ग में बड़ी संख्या में नागरिक भी बाहर निकलकर यात्रा को देखते नजर आए। कई स्थानों पर लोगों की मौजूदगी से यात्रा का स्वरूप और व्यापक दिखाई दिया।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का मताधिकार है। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवैधानिक संस्थाओं में जनता का विश्वास लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। कांग्रेस इसी मुद्दे को लेकर ÷लोकतंत्र बचाओ अभियान÷ के माध्यम से जनता के बीच जागरूकता का संदेश पहुंचा रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि मनेंद्रगढ़ में मशाल यात्रा में करीब 500 लोगों की सहभागिता कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा कांग्रेस की प्राथमिक प्रतिबद्धता है। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में उठने वाले सवालों का समाधान पारदर्शिता के साथ होना चाहिए तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना आवश्यक है।

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोच्च है। संविधान ने प्रत्येक नागरिक को अपने मत का अधिकार दिया है और इस अधिकार की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। निर्वाचन प्रक्रिया में जनता का विश्वास कायम रहना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।मनेंद्रगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि यह मशाल यात्रा लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। करीब 500 लोगों की सहभागिता और यात्रा के मार्ग में नागरिकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता शहर से लेकर गांव तक जनता के बीच जाकर लोकतंत्र, संविधान और मतदाता अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।मनेंद्रगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामनरेश पटेल ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रत्येक मत का सम्मान और निर्वाचन प्रक्रिया में जनता का विश्वास कायम रहना आवश्यक है। कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को जनता के बीच लगातार उठाती रहेगी।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन प्रक्रिया का निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय होना जरूरी है। जनता के मत की ताकत लोकतंत्र की नींव है। उसके अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

जिला कांग्रेस महामंत्री पूनम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मत की स्वतंत्रता और निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ा विषय है। लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। कांग्रेस लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी।जिला कांग्रेस महामंत्री रफीक मेमन ने कहा कि जनता को अपने मताधिकार एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ अभियान जनता के अधिकारों की आवाज को मजबूत करने का माध्यम है।

सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र पाल मखीजा ने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसी संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास कायम रहना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से जनता के सवालों को लगातार उठाती रहेगी।

वरिष्ठ कांग्रेसी शरण सिंह ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास लोकतंत्र, संविधान और जन अधिकारों की रक्षा के संघर्ष से जुड़ा रहा है। आज भी कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जनता के साथ खड़े हैं। मशाल यात्रा इसी संकल्प का प्रतीक है।

मशाल यात्रा के समापन अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भगत सिंह तिराहा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर नारेबाजी की, पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पुलिस में जमकर झड़प भी हुई।

स्वामी एक सत प्रयास जनकल्याण समिति के लिए प्रकाशक / मुद्रक, संपादक अभिषेक शर्मा द्वारा प्रकाशन स्थल 201 मिलन चौक कुड्डूदंड बिलासपुर छत्तीसगढ़ पिन 495001 से प्रकाशित एवं भारत प्रेस, ब्लॉक 9 प्रेस कॉम्प्लेक्स अग्रदूत भवन रजबंधा मैदान रायपुर छत्तीसगढ़ पिन 492001 से मुद्रित। समूह संपादक महेश कुमार तिवारी। ईमेल eksatbulletin@gmail.com Mobile 9893311784 RNI / PRGI : CHHHIN/2023/89796